The Code on Wages, 2019

श्रम और रोजगार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री संतोष कुमार गंगवार) : आदरणीय सभापति जी, मैं प्रस्ताव करता हूं:-

"कि मजदूरी और बोनस संबंधी विधियों का समेकन और संशोधन करने तथा उससे संसक्त या उसके आनुषंगिक विषयों का उपबंध करने वाले विधेयक पर, लोक सभा द्वारा पारित रूप में, विचार किया जाए।"

आदरणीय सभापति जी, आज मैं देश के श्रमिकों के अधिकारों को देने वाला एक ऐतिहासिक बिल – The Code on Wages, 2019 –सदन में प्रस्तुत कर रहा हूं। यह बिल 30 जुलाई, 2019 को लोक सभा में पेश हुआ था और अधिकांश माननीय सांसदों ने इस बिल का समर्थन किया था। लोक सभा में यह बिल सर्वसम्मति से पास हुआ था।

वर्तमान श्रम कानून बहुत पुराने समय के हैं। इनमें से कुछ श्रम कानून तो 50 वर्षों से भी पुराने हैं और कुछ तो आजादी से भी पहले के हैं। बदलती हुई सामाजिक और आर्थिक स्थिति के अनुरूप इन श्रम कानूनों को तर्कसंगत, जवाबदेह एवं पारदर्शी बनाने के लिए, आदरणीय श्री अटल जी की सरकार के समय, राष्ट्रीय श्रम आयोग का गठन किया गया था। इसकी सिफारिशें 2002-03 में सरकार को दे दी गई थीं। इसके पश्चात् लगभग 10 वर्षों तक उन सिफारिशों पर कोई ध्यान नहीं दिया गया, लेकिन 2014 में, आदरणीय मोदी जी की सरकार बनने के बाद, श्रम सुधारों में प्राथमिकता के आधार पर अपेक्षित कार्य किया गया है। महोदय, इस संदर्भ में मैं बताना चाहूंगा कि श्रम मंत्रालय में किसी भी परिवर्तन के लिए एक लम्बी प्रक्रिया है। कम से कम 13 मजदूर संगठनों, employers और राज्य सरकारों से पहले चर्चा करनी पड़ती है, जिसमें समय लगता है। उसके बाद आम राय से ही कोई परिवर्तन करना संभव हो पाता है। महोदय, इस कोड को बनाने से पूर्व 10 मार्च, 2015 को पहली त्रिपक्षीय वार्ता यानी tripartite consultation, जिसमें श्रम संगठन, नियोक्ता और राज्य सरकार, तीनों पक्ष शामिल हुए थे तथा दूसरी त्रिपक्षीय वार्ता 13 अप्रैल, 2015 को हुई थी। मैं यह भी बताना चाहूंगा कि सर्वप्रथम इस वेजेज़ कोडा का एक ड्राफ्ट 21 मार्च, 2015 से 20 अप्रैल, 2015 तक मंत्रालय की वेबसाइट पर पब्लिक डोमेन में भी उपलब्ध करवाया गया था, जिसमें आम जनता ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा भी लिया था और अपने सुझाव भी दिए थे। इन सुझावों को भी इस कोड में consider किया गया।

महोदय, कोड ऑन वेजेज़ सोलहवीं लोक सभा में 10 अगस्त, 2017 को तत्कालीन श्रम मंत्री, श्री बंडारू दत्तात्रेय जी ने लोक सभा में पेश किया था और उसके पश्चात् आदरणीय श्री किरीट सोमैया जी की अध्यक्षता वाली स्टैंडिंग कमेटी ने अपनी एक विस्तृत रिपोर्ट 18 दिम्बर, 2018 को दी थी और इसलिए यह बिल आज राज्य सभा में पेश किया जा रहा है। महोदय, वेजेज़ कोड पर स्टैंडिंग कमेटी ने 24 अनुशंसाएं दी थीं, इनमें 17 अनुशंसाएं सरकार ने मान लीं और उन सभी को हमने इसमें जोड़ दिया। हम सभी सदस्य जानते हैं कि श्रम मंत्रालय 32 केन्द्रीय श्रम कानूनों को चार कोड्ज़ में समाहित कर रहा है। इसी दिशा में कोड ऑन वेजेज़, जिसके अंतर्गत

[श्री संतोष कुमार गंगवार]

वेजेज़ से संबंधित चारों एक्ट्स समाहित हो रहे हैं। इसमें पहला कोड Payment of Wages Act, जो आज़ादी से पहले का 1936 का है, दूसरा कोड Minimum Wages Act, 1948 का है, तीसरा कोर्ड Payment of Bonus Act, 1965 का है और Equal Remuneration Act, 1976 का है। जहां तक इस कोड की मुख्य बातों का प्रश्न है, Code on Wages के द्वारा देश के सभी संगठित एवं असंगठित क्षेत्र के लगभग 50 करोड़ मजदूर भाई-बहनों को न्यूनतम मजदूरी का कानूनी अधिकार दिया जा रहा है। यह एक ऐतिहासिक कार्य हमारी सरकार के द्वारा किया जा रहा है।

महोदय, समजा का वह वर्ग, जो अब तक न्यूनतम मजदूरी की परिधि से बाहर है, विशेषकर असंगठित क्षेत्र, चाहे वह फिर एग्रीकल्चर वर्कर हो, चाहे ठेला चलाने वाला हो, चाहे सिर पर बोझा ढोने वाला हो, घरों में सफाई या पोताई करने का काम करने वाला हो, ढाबों में काम करने वाला हो, घरों में काम करने वाली हमारी माताएं-बहनें हों या फिर गली-मोहल्लों में विभिन्न प्रतिष्ठानों की रखवाली करने वाले हमारे चौकीदार भाई लोग हों, समस्त कार्यबलों को यह कानून बनने के बाद न्यूनतम मजदूरी का अधिकार मिलेगा।

महोदय, सभी को न्यूनतम मजदूरी तो मिले, पर साथ ही न्यूनतम मजदूरी समय पर मिले। हम लोग यह भी इस कोड में सुनिश्चित कर रहे हैं। मासिक वेतन वाले को अगले महीने की 7 तारीख तक, साप्ताहिक आधार पर काम करने वालों को सप्ताह के अंतिम दिन और जो दैनिक काम करते हैं, दिहाड़ी पर काम करने वाले मजदूर भाई-बहनों को उसी दिन मजदूरी मिले, इसका प्रावधान हम लोग इस कोड में कर रहे हैं। इस प्रकार, दैनिक हो, साप्ताहिक हो या मासिक हो, समस्त कार्यबल को समय पर वेतन मिले, इस कोड के माध्यम से हम लोग यह सुनिश्चित कर रहे हैं।

महोदय, तीसरी बात, जो बहुत महत्वपूर्ण है, वह यह है कि कितनी मजदूरी तय की जा रही है। हम सब जानते हैं कि आज की स्थिति में केन्द्र एवं राज्य सरकार अपने-अपने परिक्षेत्र में न्यूनतम मजदूरी की दरें तय करती हैं। 2017 में केन्द्र सरकार ने केन्द्रीय परिक्षेत्र में जिसके अंतर्गत रेलवेज़, पोर्ट्स, माइन्स, ऑयल सेक्टर, बैंकिंग, इंश्योरेंस एवं समस्त केन्द्रीय पीएसयूज़ आते हैं, उनमें न्यूनतम मजदूरी की दरों में 42 परसेंट की ऐतिहासिक वृद्धि की थी। मैं कोई विस्तार में जाना नहीं चाहता हूं। अकुशल श्रेणी के क्षेत्र में कृषि क्षेत्र में 2017 से पहले 237 रुपये रोज की मजदूरी थी, 2017 के बाद इसको 333 रुपये किया गया था। अति कुशल श्रेणी के लिए 312 रुपए से बढ़ा कर 438 रुपये की गई थी। गैर-कृषि क्षेत्र, कंस्ट्रक्शन क्षेत्र वगैरह में अकुशल श्रेणी के लिए पहले 374 रुपए थी, अब वह 523 रुपए हो गई है और अति कुशल श्रेणी के लिए 495 से 693 रुपए की गई है। यह मैंने आपको जानकारी देने का काम किया है।

महोदय, जैसा कि हम सभी जानते हैं कि राज्यों द्वारा अपने परिक्षेत्र में न्यूनतम मजदूरी तय की जाती है, परंतु कई राज्यों ने कुछ scheduled employment में काफी कम न्यूनतम मजदूरी तय की हुई है, उदाहरणस्वरूप 55 रुपए प्रति दिन, 69 रुपए प्रति दिन, 115 रुपए प्रति दिन।

मैं उन राज्यों का नाम लेना उचित नहीं समझता हूं। इस विसंगति को दूर करने के लिए इस कोड के अंतर्गत एक floor wage तय किया जाएगा और floor wage एक त्रिपक्षीय संस्था द्वारा, जिसके अंतर्गत ट्रेड यूनियन्स, employers और राज्यों के संयुक्त परामर्श के बाद हम लोग यह निर्धारित करेंगे। सभापति जी, floor wage, वह मिनिमम वेज है, जिससे कम वेज कोई राज्य सरकार तय नहीं कर पाएगी। हालांकि, अपनी आवश्यकता के अनुसार न्यूनतम मजदूरी तय करने का अधिकार अभी भी राज्य सरकारों के पास रहेगा और इस काम के लिए वे स्वतंत्र हैं। नियोक्ताओं की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए सोच में परिवर्तन लाने की दृष्टि से अब inspector के स्थान inspector-com-fafilitator शब्द का प्रयोग किया जाएगा और ये inspection करने के साथ-साथ नियोक्ताओं को कानून के प्रावधानों के अनुपालन में सकारात्मक मार्गदर्शन भी देंगे। जहां तक employers का प्रश्न है, इसमें penalties को भी तर्कसंगत बनाया गया है। Violation के हिसाब से इसमें 10 हजार से 1 लाख तक का दंड रखा गया है।...**(व्यवधान)**...

श्री सभापति : आगे समाधान के लिए भी कुछ बचना चाहिए।

श्री संतोष कुमार गंगवार : सर, दो मिनट...**(व्यवधान)**...इसके अंतर्गत सज़ा का प्रावधान भी किया गया है। सभापति जी, कोड वेजेज़ एक ऐसा मील का पत्थर साबित होगा, जो सभी 50 करोड़ मजदूर भाई-बहनों को सम्मानपूर्ण जीवन जीने का अधिकार देगा। इस अभूतपूर्व कार्य में मैं आप सभी से सहयोग की अपेक्षा करता हूं। हमारे देश का प्रत्येक श्रमिक भी एक सम्माननीय जीवन व्यतीत करे, हम सब लोग यह चाहते हैं। मैं आग्रह करना चाहूंगा कि लोक सभा में सभी सदस्यों ने पूरी सहमति के साथ इसका समर्थन किया था। मैं मानता हूं कि यह बड़ा सदन इस बात को निश्चित रूप से समझता है और इस काम को समर्थन देने का काम करेगा।

श्री सभापति : गंगवार जी, अच्छा है। Motion moved. There are two Amedments by Shri Elamaram Kareem and Shri Binoy Viswam for reference of the Code on Wages, 2019, as passed by Lok Sabha, to Select Committee of the Rajya Sabha. Members may move the Amendments at this stage without any speech. Shri Elamaram Kareem, are you moving?

Motion for Reference of the Bill to Select Committee

SHRI ELAMARAM KAREEM (Kerala) : Sir, I move:

"That the Bill to amend and consolidate the laws relating to wages and bonus and matters connected therewith or incidental thereto, as passed by Lok Sabha, be referred to a Select Committee of the Rajya Sabha, consisting of the following Members:-

1. Shri Elamaram Kareem
2. Shri Tiruchi Siva

3. Shri Binoy Viswam
4. Shri Majeed Memon
5. Prof. Manoj Kumar Jha
6. Shri Sanjay Singh
7. Mir Mohammad Fayaz
8. Shri Nazir Ahmed Laway
9. Shri B. K. Hariprasad
10. Shri Ashok Siddharth

with instructions to report by the last day of the first week of the next Session of the Rajya Sabha".

MR. CHAIRMAN: Shri Binoy Viswam, are you moving your Amendment?

Motion for Reference of the Bill to Select Committee

SHRI BINOY VISWAM (Kerala): Sir, I move:

"That the Bill to amend and consolidate the laws relating to wages and bonus and matters connected therewith or incidental thereto, as passed by Lok Sabha, be referred to a Select Committee of the Rajya Sabha, consisting of the following Members:-

1. Shri Elamaram Kareem
2. Shri Jairam Ramesh
3. Shri Javed Ali Khan
4. Shri Majeed Memon
5. Shri Ashok Siddharth
6. Shri Abdul Wahab
7. Shri B. K. Hariprasad
8. Prof. Manoj Kumar Jha
9. Ch. Sukhram Singh Yadav
10. Shri Binoy Viswam
11. Shri V. Vijayasai Reddy
12. Shri Vaiko
13. Shri M. Shanmugam

with instructions to report by the last day of the first week of the next Session of the Rajya Sabha" .

The questions were proposed.

श्री संतोष कुमार गंगवार : सर, इस पर स्टैंडिंग कमिटी ने बहुत लंबे समय तक चर्चा की थी। मुझे नहीं लगता है कि इसकी आवश्यकता होगी।

MR. CHAIRMAN: Still they are not moved, so, they are moving it. यह होने दीजिए इसमें क्या है? In spite of being unanimously passed by Lok Sabha and Standing Committee में सर्वसम्मति बनी। यह ठीक है। मंत्री जी भी बहुत अनुभवी हैं। I think he is an eight times M.P.

SHRI SANTOSH KUMAR GANGWAR: Yes, Sir.

MR. CHAIRMAN: Eight time M.P. from the same constituency! Shri Madhusudan Mistryji. आपको पार्टी ने 12 मिनट का समय दिया है। इस हिसाब से 1 मिनट इधर-उधर...**(व्यवधान)**...

श्री मधुसूदन मिस्त्री (गुजरात) : सर, मैं ज्यादा कुछ नहीं बोलूंगा, थोड़े सजेशंस दूंगा।

सर, मैं इस बिल पर बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। यह बिल इस देश के करोड़ों लोगों को affect करता है। यह उनकी जिंदगी में बहुत बड़े चेंजेज़ ला सकता है। सैकड़ों लोग नहीं, हजारों लोग, यूनियंस, छोटे ग्रुप्स वगैरह, इस मिनिमम वेज को पाने के लिए अलग-अलग जगहों पर अपनी अलग-अलग लड़ाई कर रहे हैं। उसमें कितने ही विक्टिम्स भी होते हैं। सर, यह subsistence wage हैं। इंसानों को काम करने के लिए per day जो एनर्जी यूज़ होती है, वह एनर्जी उसमें वापस recoup हो और वह उतना ही प्रोडक्शन कर सके, इस बेसिस पर मापदंड तय करके दिया गया है। मैं आज जो काम कर रहा हूं, उस काम में मेरी शक्ति यूज़ होती है। अगर मुझे पूरा खाना नहीं मिलेगा, खाना खरीदने के लिए पूरे पैसे नहीं मिलेंगे, तो मुझ में वह शक्ति घटती जाएगी, जिसकी वजह मैं जिस काम पर जाऊंगा, उस काम में मेरा प्रोडक्शन, उत्पादन कम होगा और इससे इंडस्ट्री या जिसके लिए भी काम किया जा रहा है, उन्हें loss होगा। इस हिसाब से एक subsistence level पर उसको क्या मिल सकता है? मेरे हिसाब से, it is unfortunate कि आज इतने साल होने के बावजूद भी पहले की सरकार भी और यह सरकार भी, दोनों अभी तक मिनिमम वेज की ही बात कर रहे हैं। हम फेयर वेज की बात नहीं कर रहे हैं, हम लिविंग वेज की बात नहीं कर रहे हैं। इस पूरे कोड में आपने फेयर वेज वर्ड कहीं पर भी यूज़ नहीं किया। वैसे आपने चारों ऐक्ट्स को amalgamate करके यह एक concise ऐक्ट बनाया है और इसमें wages definition वगैरह दी है। इसमें कितनी चीज़ें dilute हुई हैं और कितनी चीज़ें नहीं हैं। अपने इसके अंदर थोड़ा assure किया हुआ है, लेकिन कई चीज़ों पर आपको इस हाउस के अंदर assurance देना पड़ेगा।

[श्री मधुसूदन मिस्त्री]

सर, Payment of Wages Act इसलिए लाया गया था, क्योंकि टेक्सटाइल इंडस्ट्री में कई लोगों को recession के अंदर उनकी परी तनख्वाह कैश में नहीं दी जाती थी, बल्कि उनको कपड़ा देकर यह कहा जाता था कि इसको बेचकर आप अपनी तनख्वाह ले लो। उस वजह से Payment of Wages Act आया था। सर, अगर कभी किसी को यह पता करना हो कि उसको तनख्वाह में कितने पैसे मिलते हैं, कितने दिन उसने काम किया है और उसे कितने दिनों की पगार मिलनी चाहिए, उसकी कोई स्लिप उनको नहीं दी जाती थी, इसलिए Payment of Wages Act के अंदर wage slip का प्रावधान किया गया, ताकि उसे यह पता चले कि उसका कितना deduction है, उसके कितने पैसे हैं, उसने कितना काम किया है और उसके लिए उसे कितनी मजदूरी मिली है।

सर, मैंने फिर से यह कहा कि ऐसा subsistence level के ऊपर यह wage है और इसको देखकर हमेशा मैं साहिर लुधियानवी की एक कविता याद करता हूं। इस देश के अंदर हमारे जैसे कितने ही लोग होंगे, जो इसे याद करते होंगे। एक बहुत प्रसिद्ध Russian novelist, Dostoevsky थे, जिनकी novel के ऊपर सन् 1957-58 में "फिर सुबह होगी" नाम की एक फिल्म बनी थी, जिसके अंदर साहिर जी की उस कविता के बहुत सारे अंश लिए गए थे। उस कविता का जो पूरा अंश सिनेमा के अंदर आया है, उसको मैं नहीं बोलूंगा, बल्कि उसकी चार लाइंस में जरूर बताऊंगा। उस कविता के लास्ट में कवि बोलते हैं:

"मजबूर बुढ़ापा जब सूनी राहों की धूल न फांकेगा,
मासूम लड़कपन जब गंदी गलियों में भीख न मांगेगा,
हक़ मांगने वालों को जिस दिन सूली न दिखाई जाएगी,
वह सुबह कभी तो आएगी, वह सुबह कभी तो आएगी।"

सर, मैं 40 साल से इस क्षेत्र में हूं। जब मैंने 15 साल की उम्र से काम करना शुरू किया, तो पढ़ते-पढ़ते काम करते-करते एक रुपये की मज़दूरी से शुरू हुई वह दास्तां 1967 तक चली। उसके बाद, मैं लेक्चररशिप छोड़कर यूनियन में गया। आज भी करोड़ों-करोड़ लोगों को minimum wages मुहैया नहीं होती हैं। मैं मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि आपने कमिटी के अंदर जो इतनी सारी मिटिंग्स कीं, सब कुछ हुआ, लेकिन wage fixation के अंदर calorie intake का criteria क्यों नहीं लिया गया? Calorie intake उसकी कार्य-शक्ति के साथ जुड़ा हुआ है और इसीलिए मैंने इसमें अमेंडमेंट दिया है। इसमें सबसे पहला सवाल fixation का आता है कि कितना पैसा होना चाहिए, कितने पैसे मिलने चाहिए। एक आदमी का जो unit है, उसमें तीन लोगों का एक यूनिट माना गया है- हस्बैंड, वाइफ, 14 साल का एक लड़का या 12 साल की एक लड़की, लेकिन वह western concept है। गरीब आदमियों के घर के अंदर उनके मां-बाप भी रहते हैं। आपने workers की definition के अंदर जो 18,000 रुपये की सीलिंग रखी है, जिसका मतलब उनकी मजदूरी 450 या 500 रुपये par day होती है। जहां तक calorie intake की बात है, एक आदमी को जो पैसा minimum wage के अंदर मुहैया किया जाएगा, उससे वह अपना काम चला सकता है या नहीं, तो मेरा जवाब 'न' में है।

सर, मैंने बहुत बार Time and Motions स्टडी की है। यह fixation वैसे time rate के ऊपर है, लेकिन होता यह है कि अगर कोई time rate की job वाले काम में है, उसी के ऊपर यह लागू होता है और ऐसी कैटेगरीज़ बहुत कम हैं, जिनके अंदर time rate use होता है। मैं यहां skilled, unskilled या semi-skilled की बात नहीं कर रहा हूं। Skilled और semi-skilled के अंदर उनकी skill की एक bargaining power है। सर, मेरी कम्युनिटी mason की है, we are bricklayers. अगर आप उसकी minimum wage 400 रुपये या 500 रुपये fix करेंगे, तो आपको कोई भी bricklayer 500 रुपये में नहीं मिलने वाला है। वह 700-800 रुपये लेगा, तब आपके यहां आएगा। एक carpenter 300-400 रुपये में नहीं मिलेगा, क्योंकि उसके पास उसकी skill की एक bargaining power है और वह bargain करता है, लेकिन unskilled labour के पास कुछ भी नहीं है। हज़ारों लोग सब जगह से माइग्रेट होते हैं, रास्ते पर पड़े रहते हैं, उनके पास कोई सुविधाएं नहीं होती, कोई यूनियन के मेम्बर्स नहीं होते, उनको हम सिर्फ सरकार के लेबर डिपार्टमेन्ट के भरोसे पर और कांन्ट्रैक्टर के भरोसे रखते हैं। सर, इसके साथ जो most unfortunate चीज़ जुड़ी हुई है, वह यह है कि State should be the ideal employer. स्टेट वाले कॉन्ट्रैक्ट देते हैं और वे कॉन्ट्रैक्ट के लेबर्स होते हैं। सर, मैंने जंगलों में काम करने वालों की यूनियन अभी तक चलायी, मैंने एक साल पहले resignation दिया। Casual labourers जो mines में काम करते हैं, मैं उनकी यूनियन चलाता हूं, मैं उसका सेक्रेटरी था, मैंने agricultural labourers के साथ काम किया। यह होता है कि मिनिमम वेज के बारे में ब्लैंक पेपर पर सिग्नेचर करवाते हैं, कितना पैसा देना है, वे तय करते हैं, किसी को पता नहीं होता कि मिनिमम वेज क्या है। सर, फॉरेस्ट डिपार्टमेंट, पी.डब्ल्यू.डी. डिपार्टमेंट, Irrigation Departments में ये सब काम कांन्ट्रैक्ट से होते हैं। और most unfortunate बात बताऊं कि जो सरकार का रेगुलर काम होता है, उसे अब NREGA के अंदर ट्रांसफर करते हैं। वह ट्रांसफर इसलिए करते हैं कि उसमें मिनिमम वेज नहीं है।

सर, मिनिमम वेज के Section 26(2) के अंदर सरकार exemption देती है कितने डिपार्टमेंटस को कामों के लिए and once they get the exemption from the Minimum Wages Act, no Act applies to them. You can pay as low minimum wage as possible. "वह केस भी नहीं कर सकता, वह Inspector inspection भी नहीं कर सकता। मैंने अमेंडमेंट के अंदर लिखा है कि five consumption units should be for one wage earner. The minimum food requirement should be 2,700 calories. The clothing reqirement should not be 72 metres. It should be minimum 100 meters. आप वह क्यों तय नहीं करते, आपने उसे कानून के अंदर क्यों नहीं डाला? मिनिस्टर साहब, आपने नीचे बोनस के अंदर लिखा है कि अगर बोनस के अंदर, डिडक्शन के अंदर, यदि कोई रेलवे कैटरिंग स्टाफ वाला बिल में पैसे लेना भूल गया, तो आप उसके पैसे काट लेंगे। फूडग्रेन industry के अंदर काम करने वाले आदमी से कुछ आगे-पीछे हो गया, उसकी चोरी हो गयी या उसने कुछ किया तो आप उसके पैसे काट लेंगे। आपने वह एक्ट में डाला है, यह क्यों नहीं डाला है? मेरे हिसाब से इस देश में सरकार गरीबी की बात बहुत करती है। हमने भी बहुत गरीबी देखी है और अनुभव भी है। आप इस चीज़ को एक्ट

[श्री मधुसूदन मिस्त्री]

के अंदर क्यों नहीं लाते? आपने इसमें calorie intake क्यों नहीं डाला, इसमें fixation criteria क्यों नहीं डाला? आप एक कमेटी बनाएंगे, उस कमेटी में even variable DA के अंदर कौन से item का कितना वेट है, यह कौन तय करता है? आप वाकई neutralize करते हैं, जो कुछ भी मिनिमम वेज हुआ। सर, यह जो पूरा कानून है, जिसमें आज सरकार के पास मौका था कि इस देश के 45-48 करोड़ लोगों की ज़िन्दगी के अंदर बहुत बड़े changes ला सकते थे। आपको तो पैसा नहीं देना पड़ता है, आप employer और मालिक की क्यों तरफैन कर रहे हैं या उनको सपोर्ट कर रहे हैं? आपने लिखा कि यदि किसी का बोनस के अंदर कोई dispute हो, तो आप उसको balance-sheet नहीं देंगे। कानून के अंदर you cannot demand if you have any dispute over computation of bonus or the quantum of bonus. You can refer the dispute to the Adjudication Officer and the Adjudication Officer cannot reveal the information without the permission of that company. सर, हम textile के bonus के ऊपर बहुत लड़े, balance-sheet के ऊपर भी बहुत लड़े। आप कौन से item में set-off and set-on करते हैं, हम उसको जानना चाहते हैं। आप development plan के अंदर इस साल जो profit हुआ, उसमें से कितना पैसा वहां ले जाएंगे? इसकी वजह से आप 8.33 per cent bonus ही देंगे, 20 per cent or 25 per cent के ऊपर नहीं देंगे। You have made a provision for every deduction. किसी cooperative के पास से किसी ने पैसा लिया होगा, तो आप उसका deduction तन्ख्वाह में से कर लेंगे। यह कैसा Bill draft हुआ है? आपने Inspector-com-Facilitator रखा। मेरी आपसे विनती है कि आप इनकम टैक्स के अंदर भी Inspector-com-Facilitator रखिए। आप वहां सिर्फ इंस्पेक्टर ही क्यों रखते हैं? Why are you diluting the powers of the inspector? सर, मैं जो कुछ भी बोल रहा हूं, वह इस कानून के अंदर है, आप इस कानून के अंदर देख लीजिए। मुझे पता है। उसे पढ़कर मैं आपको बता रहा हूं और उसकी वजह से मैंने कितने अमेंडमेंट्स भी डाले हैं। आप उसको फाइन करेंगे। अगर वह कुछ भी काम पर्सनल बोले, तो 3% के हिसाब से 15,000 का 450 रुपये फाइन हुआ। आप 50% तक deduction कर सकते हैं, ऐसा आपने उसके अंदर लिखा है। वह क्या खाएगा? आप उसे घटाते क्यों नहीं हो। आपको deduction के पूरे मापदंड मिले हैं। आप मज़दूरों के लिए कितना पैसा उनकी जेब के अंदर, पे पैकेज के अंदर ले जाने का प्रावधान कर रहे हो? उसका उनकी फैमिली के ऊपर क्या असर होगा? उनके बच्चों की पढ़ाई के ऊपर क्या असर पड़ेगा, उनकी जरूरत पूरी करने के ऊपर क्या असर पड़ेगा? उस मकान में जहां पर वे रहते हैं, झोंपड़ियों में रहते हैं, चाल में रहते हैं, झुग्गियों में रहते हैं। सर, मिनिमम वेजेज़ वालों के पक्के मकान नहीं होते हैं, बहुत ही कम मिनिमम वेजेज़ वालों के पक्के मकान होते हैं। मिनिस्टर साहब, हमें यह लगता है कि आप और आपकी सरकार मिनिमम वेजेज़ वालों के प्रति बिल्कुल भी serious नहीं हैं। आपकी मिनिमम वेजेज़ कोड और मिनिमम वेजेज़ ऐक्ट की definition में कोई चेंज नहीं है। आप इस कानून के तहत Payment of Wages Act भी रिपील करेंगे, Payment of Bonus Act भी रिपील करेंगे, Equal Remuneration Act को भी रिपील करेंगे। लेकिन आप assure क्या कर रहे हैं, whether the same implementation machinery आपकी उतनी होगी?

सर, मैं रात को बजट देख रहा था, तो इनके डिपार्टमेंट के अंदर 2,200 लोगों की कमी है। The strength of the Labour Department is less than 2,000 people. How would you edorse and implement this one की मिनिमम वेजेज़ सबको मिलेंगी? आप नेशनल मिनिमम वेजेज़ के fixation की बात कर रहे हो, लेकिन उसके अंदर रीजनल मिनिमम वेजेज़ भी आएंगी, स्टेट की मिनिमम वेजेज़ भी आएंगी, ट्रेड की मिनिमम वेजेज़ भी आएंगी, तो उसके अंदर कौन-सी नेशनल मिनिमम वेजेज़ हुईं?

सर, मेरे हिसाब से अगर आप देखने जाओगे, तो इस कानून के अंदर सरकार के पास, मिनिस्टर साहब के पास कोई ऐसा फार्मूला नहीं है, जिसकी वजह से In reality, they cam make that money available to the people who had put in eight hours work. नॉर्मल वर्किंग डे की डेफिनेशन में आपने आठ घंटे नहीं लिखे हैं, Not exceeding eight hours despite the fact that the committee has recommended it. You did not put it.

MR. CHAIRMAN : Thank you. You have two more speakers.

SHRI MADHUSUDAN MISTRY : I know it.

MR. CHAIRMAN : You know it, but others should know. That is the question. They should not question me.

श्री मधुसूदन मिस्त्री : सर, बारह मिनट के लिए बोला था।...**(व्यवधान)**... मैं एक मिनट का समय और ले रहा हूं। आपने आठ घंटे की मज़दूरी के अंदर interval रखा, more than one interval, आठ घंटे के अंदर अगर आप चार घंटे में वापस बुलाएंगे, तो मैं समझ सकता हूं, लेकिन दो-दो घंटे का होगा। आप उसके अंदर घंटों के हिसाब से मिनिमम वेजेज़ तय करोगे। यदि मैं आपके यहां एक घंटे के लिए कोई काम करने आता हूं, तो मेरी आधे दिन की मज़दूरी चली जाती है, कोई भी मुझे आधे दिन के लिए काम पर नहीं रखेगा। ये सब चीज़ें आपके कानून के अंदर नहीं हैं। मैं आशा करता हूं कि आपने जो रूल्स बनाए हैं, उनके अंदर ये सब चीज़ें आप करेंगे। मैं तो भले ही आपको लिखूं, किसी ने आर्टिकल भी लिखा है I am really disapointed, Mr. Minister, with this Code on the Wages Bill. It does not assure that the poor who had worked or the labourer who had worked, he got his minimum wages. It assures millions of labourers that they will be getting the real and minimum wages in reality, and their wages will be protected as such, and that you have provided an effective mechanism to see to it that those who violate, they will be punished. Why don' t you make the inspector, like the Forest Conservation Act responsible, that if he is given that area, and if there is any violation, he personally will be responsible? हम Forest Department के सामने केस फाइज नहीं कर सकते हैं। हमें मिनिमम वेजेज़ के अंदर मंज़ूरी नहीं मिलती है, despite the poet कि मिनिमम वेजेज़ कम दी जाती हैं। पी.डब्ल्यू.डी. के ऑफिसर के ऊपर हम केस फाइल नहीं कर सकते हैं। You have protected them under this Act. Why is it so?

[श्री मधुसूदन मिस्त्री]

सर, जो इतने सालों की चीज़ें हैं, उससे दिल जलता है, और कुछ नहीं है। हम यहां किसके लिए आते हैं? क्या आप लेकर आए हैं, क्या आप दे रहे हैं- आप तो हौवा खड़ा कर रहे हैं। It is very unfortunate, that we have missed this opportunity to improve the lives of millions and millions of people of the country who are living in sub-human conditions. I hope that, some day, their economic conditions will improve. This legislation doesn' t provide that opportunity. It is unfortunate and I am sorry to say this, Sir. Thank you.

MR. CHAIRMAN: Hon. Members may have doubt as to why I have allowed him to continue. His party still has time. Others may not get. You should know the fact. It the speaker is taking time and the party is silent, that means they are accepting it. That is it.

श्री भूपेन्द्र यादव (राजस्थान) : माननीय सभापति महोदय, मज़दूरी संहिता का यह जो विधेयक सरकार के द्वारा लाया गया है, यह देश का एक बहुत बड़ा सुधार का कार्यक्रम है। वास्तव में इसकी जो पहली रिपोर्ट थी, वह 2002 में आयी थी।

(**श्री उपसभापति** *पीठासीन हुए)*

अभी मधुसूदन जी अपनी बात कह रहे थे- 2002 के बाद 10 साल तक आपकी सरकार रही लेकिन उसने कुछ करने का काम नहीं किया। वास्तविकता में होना तो यह चाहिए था कि उस पर आगे बढ़कर जो त्रिपक्षीय समितियां थीं, जो विभिन्न associations थीं, जो मज़दूर संघ थे, उन्हें बुलाकर बात करते, लेकिन आपके द्वारा उनके साथ कोई बात नहीं की गयी। मैं हमारे मंत्री श्री संतोष कुमार गंगवार जी को बधाई देना चाहूंगा कि उन्होंने पिछले दो सालों में इसके सभी पक्षकारों के साथ लगातार बीतचीत की और जो बहुप्रतीक्षित कानून आना था, आज उस कानून को लाकर देश के मज़दूर वर्ग के लिए बहुत बड़ा भलाई का काम किया है।

[**उपसभाध्यक्ष (श्री टी.के. रंगराजन)** *पीठासीन हुए*]

मैं यह कहना चाहता हूं कि प्रमुख रूप से इस कानून में जो 10 बड़े सुधार के कार्यक्रम किए गए हैं, उन्हें देश के मज़दूरों की स्थिति में समझना आवश्यक है। देश में मज़दूरों की मज़दूरी में जो सबसे पहला discrimination होता है, वह महिलाओं के साथ होता है। जो पुरुष मज़दूर होते हैं, कई बार उनका वेतन ज्यादा होता है- महिलाएं काम भी करती हैं, लेकिन उन्हें मज़दूरी कम मिलती है। इस एक्ट से न केवल उस gender discrimination को रोका गया है, महिलाओं का सबसे बड़ा विषय है कि जो निर्णय लेने वाली बॉडी है, उस निर्णय लेने वाली बॉडी में उनका स्थान है या नहीं है- इस एक्ट ने यह तय किया है कि पुरुष और स्त्री की न केवल मज़दूरी बराबर होगी, बल्कि जो Advisory Board बनाया जाएगा, उसमें भी एक तिहाई सदस्य महिलाएं होंगी, ताकि भविष्य में मज़दूरों में भेदभाव का काम न हो। यह सुधार का पहला कार्यक्रम है।

4.00 P.M.

दूसरा, मधुसूदन जी सही कह रहे थे, वे अभी चले गए हैं, कि इस देश में minimum wages में सुधार नहीं होता है। Minimum wages वाली जो लेबर है, वह लम्बे समय तक उस लड़ाई को लड़ती है, लेकिन हमने इस कानून के द्वारा पहली बार देश में यह तय किया है कि minimum wages का जो review है, वह compulsory पांच साल में होगा, जिससे इस देश के मज़दूरों को बड़ी राहत मिलने का काम हुआ है।

तीसरा, हमारे यहां पर मज़दूरी देने के लिए - माननीय उपसभाध्यक्ष आ गए हैं, वे भी लम्बे समय तक यूनियन में काम करते रहे हैं- जो सबसे बड़ी लड़ाई हम लोग लड़ते थे, वह यह थी कि मज़दूरों को timely payment हो। सामान्यत: जो चारों कानून इसमें लगाए हैं, Payment of Wages Act, Minimum Wages Act, Payment of Bonus Act, Discrimination Act...

हर बार यह सोचते थे, एक नई एप्लिकेशन भरनी पड़ती थी, नया फॉरमेट भरना पड़ता था। हमारे देश में, मिनिमम वेजेज़ में वेजेज़ की 12 तरह की डेफिनेशन्स थीं। मिनिमम वेजेज़ की अलग थी और बाकी वेजेज़ की अलग थीं। इस कानून के द्वारा इन 12 डेफिनेशन्स को एक करके, इनकी एक डेफिनेशन करने का काम किया गया है। वेजेज़ का अर्थ वेतन, डीए और इनके अतिरिक्त जो चीज़ें आएंगी, चाहे उसका हाउस अलाउंस आएगा, चाहे उसको सुविधाएं आएंगी, चाहे उसको ट्रांसपोर्ट अलाउंस आएगा, चाहे उसको बोनस आएगा, उनको अलग करके, देश में मजदूरों की जो वेजेज़ की 12 डेफिनेशन्स थीं, उनको एक करके पूरे देश के मजदूरों के हित में सरलीकरण करने का काम, इस कानून के द्वारा किया गया है। सबसे बड़ी बात है कि न केवल वेजेज़ की डेफिनेशन्स को एक करने का काम किया है, उनको सही समय पर, यूनिवर्सली एक सही समय पर पेमेंट हो जाए, उसको भी इस कानून के द्वारा मान्यता दी गई है। हम यह जानते हैं कि जयराम रमेश जी तो इस बात के बहुत अनुभवी भी हैं कि यह जो पर्ची से वेतन मिलता है, मनरेगा के समय में भी यह देखा गया था, बाद में कैग की रिपोर्ट भी आई थी, आपने उसको दूर करने का प्रयास भी किया था। यह पर्ची से जो वेतन मिलता है, सामान्यतया इसके कारण जो संस्थान हैं, वे डिजिटल पेमेंट देने के लिए आगे नहीं बढ़ते हैं। हम यह जानते हैं कि बीच में जो कॉन्ट्रेक्टर भी रहते हैं, वे कई बार मजदूरों तक सही पेमेंट पहुंचाने की बात नहीं करते हैं। इस कानून में इसमें भी संशोधन करके, वेजेज़ और पेमेंट को डिजिटल माध्यम से, चैक के माध्यम से दिलवाने के लिए, इसमें नियम बनाकर और जो ये प्रावधान तय किए हैं, मुझे लगता है कि यह एक बहुत बड़ा कदम है, जो देश के सभी मजदूरों के लिए लाभकारी होगा।

बोनस के विषय में भी लंबे समय तक जो अस्पष्टताएं थीं, उनको दूर करने का काम हमने अपनी इस मजदूर संहिता में किया है। सबसे बड़ी बात है कि सारे वेजेज़ के लिए जो मैंने पहले भी कहा था कि एडवाइज़री बोर्ड बनाया है, उस एडवाइज़री बोर्ड में हमने इस पूरे कानून को बनाते समय, जो त्रिपक्षीय वार्ता...मजदूरों के आंदोलन जब चलते हैं, जब उनके विषय चलते हैं,

[श्री भूपेन्द्र यादव]

जब हम उनको लागू करने की बात करते हैं, तो हम हमेशा इसी बात को मानते हैं कि मजदूरों के संबंध में जो भी निर्णय लिए जाएं, वे त्रिपक्षीय वार्ता के आधार पर लिए जाएं। उसमें employees को शामिल किया जाए, employer को शामिल किया जाए और मजदूर संगठनों को शामिल किया जाए, लेकिन इसमें जो एडवाइज़री बोर्ड बनाया है, उसमें पूरी tripartite बातचीत की व्यवस्था तो रखी है, लेकिन मैं पुन: दोहराना चाहूंगा, लेबर क्षेत्र का जो सबसे बड़ा डिस्क्रिमिनेशन जेंडर जस्टिस का है, उसको न्याय देने का काम इस मजदूर संहिता के अंतर्गत किया गया है। इसमें अभी वे कह रहे थे कि inspector-com-facilitator की बात आपने क्यों की है? क्योंकि अगर कहीं पर सही तरीके से मजदूरी नहीं मिल रही है, तो उसकी बात को कौन उठाएगा? उसकी बात को या तो मजदूर संघ उठाएंगे...क्योंकि उसकी इतनी ताकत नहीं होती है कि वह अपनी लड़ाई को लड़ सके। मुझे ध्यान है, जब हम पहले केस लड़ा करते थे और मजदूर संघ में काम करते थे, हम sctiion 2(a), Industrial Dispute Act में जाया करते थे, छोटे-छोटे मजदूरों की एप्लिकेशन्स को लेकर जाते थे और मिनिमम वेजेज़ एक्ट में तो मेरे अपने अनुभव हैं कि जब यूनियन के वर्कर्स के लिए हम जाते थे, तो तीसरी और चौथी तारीख पर वह आया ही नहीं करता था, क्योंकि उसको लगता था कि इस इंस्पेक्टर के पास जाकर, हम अपनी वेजेज़ की लड़ाई लड़ेंगे या कोई नई मजदूरी ढूंढेंगे। इसलिए इस बार यह बहुत अच्छा किया है कि इसकी क्लेम करने की जो समय-सीमा है, उसको भी बढ़ाकर तीन साल किया गया है। यह एक बड़ा विषय है, क्योंकि जब मजदूर की मजदूरी जाती है, तो सबसे पहले उसको रोजगार का एक दूसरा जरिया ढूंढना होता है, हालांकि पहले कार्यकाल में सरकार एक बहुत बड़ा सुधार लेकर आई थी। हम लोगों ने प्रोविडेंट फंड के लिए एक ही नम्बर तय किया था। उससे पहले यह होता था, प्रोविडेंट फंड का एक नम्बर तय नहीं करने से यह होता था कि एक कम्पनी में नौकरी करता था, फिर दूसरी कम्पनी में जाता था, तो पहले प्रोविडेंट फंड का क्लेम नहीं कर सकता था। अब उसका एक परमानेंट नम्बर होने के कारण, वह कहीं भी रोजगार के लिए जाएगा, लेकिन क्लेम की जो तीन साल की समय-सीमा तय की गई है, मुझे लगता है कि यह मजदूरों के हित में बहुत अच्छा कानून लाया गया है। इसके साथ ही साथ, इसकी जो पहली सुनवाई का अधिकार दिया है, मंत्री जी, मैं आपको भी बधाई देना चाहता हूं कि आपने इस विषय पर काफी गंभीरता के साथ विचार किया, हमारी कभी आपसे अनौपचारिक चर्चा हुई, तो भी मुझे लगा कि संतोष कुमार गंगवार जी के पीछे जो बहुत बड़ी ताकत है, वह यह है कि वे हमेशा जनता के बीच में रहते हैं और बहुत व्यावहारिक सुझावों को लेकर चलने वाले व्यक्ति हैं। जब उन्होंने यह तय किया और यह मुझे बाद में ध्यान आया कि इसकी जो सुनवाई है, वह गजेटेड ऑफिसर से सुनवाई है, क्योंकि हम मजदूरों को सही समय पर न्याय देना चाहते हैं, तो हमें चाहिए कि ज्युडिशियल प्रोसीज़र की जो परम्परागत चीज़ें हैं, उनसे बाहर हटें। सामान्य रूप से, अगर बातचीत के माध्यम से, सहमति के माध्यम से मजदूर को मजदूरी नहीं मिल रही है और गजेटेड ऑफिसर के द्वारा लिख दिया जाएगा, तो भविष्य में अपील करने के लिए भी यह उसके लिए बहुत बड़ा आधार होगा। इस बिल में जो सुनवाई की गजेटेड ऑफिसर को ताकत दी है, मुझे लगता है कि यह बहुत बड़ा कदम है। इस कानून में जो दस बड़े कदम उठाए गए हैं, उनमें से यह एक बहुत बड़ा कदम है। इसके साथ

ही साथ, मैं इस बात के लिए भी बधाई देना चाहूंगा कि संसद की स्थायी समिति ने जो 43 सिफारिशें की हैं, उनमें 12 से अधिक सिफारिशों को पूरी तरह से माना गया है, कुछ सिफारिशें न्यूट्रल थीं और बाद में एक नोट भी जारी किया है कि उन सिफारिशों को स्वीकार नहीं करने के पीछे कारण क्या हैं। मुख्यत: एक बात यह भी आई थी कि वर्कर्स और एम्प्लॉई, इसकी एक अथॉरिटी तय करो, लेकिन कार्य भिन्न है, दोनों की लड़ने की ताकत में अंतर है, इसलिए इस मजदूर संहिता में जो मजदूरों के हितों की बात की गई है, मुझे लगता है कि यह देश में एक बहुत बड़ा रिफॉर्म करने की दिशा में सरकार आगे बढ़ी है।

महोदय, इस कानून के संबंध में, मैं यह कहना चाहूंगा कि इसकी देश में एक लम्बे समय से आवश्यकता थी और आने वाले समय में और भी लेबर कोर्ट के लिए कार्य करने का, बातचीत करने का जो विषय चल रहा है कि चार कानूनों का एकीकरण करके, 12 डेफिनेशन्स को समाप्त करके, यह एक कानून बनाया गया है। सभी के लिए न्यूनतम मजदूरी को तय किया गया है, कोई भी राज्य मिनिमम वेजेज़ से कम वेजेज़ किसी को नहीं दे सकेगा। इसके साथ ही साथ समयबद्ध भुगतान और वेजेज़ के क्लेम की सीमा को बढ़ाया गया है। हम जानते हैं कि हमारे देश में अभी जो कानून हैं, उनमें सबसे ज्यादा लेबर कानून में सुधार की आवश्यकता है। हमारी सरकार ने एक बहुत बड़े स्तर पर, जो संगठित क्षेत्र में काम कर रहे हैं या असंगठित क्षेत्र में काम कर रहे हैं, उन सभी वर्गों के लिए व्यापक स्तर पर सामाजिक सुरक्षा की योजनाएं शुरू की हैं, इसीलिए यह वेजेज़ एक्ट देश के 45 करोड़ मजदूरों के हित में है, चाहे वे संगठित क्षेत्र में काम कर रहे हैं या असंगठित क्षेत्र में काम कर रहे हैं, उनके लिए एक नये जीवन के समान होगा। इसीलिए मैं इस विधेयक का समर्थन करते हुए यह कहना चाहूंगा कि मजदूर क्षेत्र में काफी ज्यादा काम करने वाले एक बड़े विचारक डा. दंतोपंत ठेगड़ी जी यह कहा करते थे और उस समय मजदूर क्षेत्र में नारे लगा करते थे, "चाहे जो मजबूरी हो, मांग हमारी पूरी हो।" उसके बाद डा. दंतोपंत ठेगड़ी जी ने इस देश में मजदूर क्षेत्र को एक नई परिभाषा दी, उन्होंने कहा, "हम करेंगे पूरे काम, काम के लेंगे पूरे दाम।" मुझे ऐसा लगता है कि उनके इस विचार से, इस देश के मजदूरों में एक नए वर्ग और एक नई चेतना के भाव का निर्माण हुआ। उसका परिणाम था और मैं हमेशा यह कहता था कि हमने जो इंडस्ट्री क्षेत्र में एक्ट लिखा था- हमने उसका नाम ही इंडस्ट्रियल डिस्प्यूट एक्ट रखा। मुझे लगता है कि यह सरकार बहुत अच्छा करने जा रही है और उसका नाम बदलकर इंडस्ट्रियल रिलेशन एक्ट करने जा रही है, अगर ऐसा होता है, तो देश में केवल टाइटल के द्वारा ही, हमारी मानसिकता में परिवर्तन करने का काम किया है। महोदय, लेकिन जब हमने इस विषय में कहा कि-

"हम करेंगे पूरा काम और काम के लेंगे पूरे दाम।"

तो उसके लिए सुरक्षित वातावरण देना, उसके लिए पारदर्शी व्यवस्था खड़ी करना, उसके न्याय के निस्तारण के लिए सही tribunal और सही authority का निर्माण करना, उसमें किसी भी प्रकार के discrimination को समाप्त करना, इस देश के हर मजदूर को उसके काम के हिसाब से, सही तरीके से और समयबद्ध सीमा में वेतन का भुगतान करने की व्यवस्था करना भी आवश्यक है, जिसके लिए यह विधेयक प्रस्तुत किया गया है।

[श्री भूपेन्द्र यादव]

महोदय, इसे करने के लिए, देश के चाहे किसी भी विचारधारा के मानने वाले मजदूर संगठन हों, आज उनकी सहमति के माध्यम से, उन सबके साथ विचार करके और इस देश के सभी पक्षों के साथ विचार करके, यह जो मजदूर संहिता आई है, मेरा मानना है कि यह देश के आने वाले समय में एक बहुत बड़ा और आधारभूत reform है। इस reform को देश के सभी मजदूरों के हितों में एकजुट होकर के इसे पास करके देश के मजदूर, जो लम्बे समय से न्याय का रास्ता देख रहे थे, उन्हें न्याय देने का काम करें और इस मजदूरी संहिता या wages act को एकमत होकर, पास करके देश के मजदूर क्षेत्र में सुरक्षा और विश्वास के वातावरण का निर्माण करें, धन्यवाद।

श्री संतोष कुमार गंगवार : महोदय, मैं माननीय सदस्य के ध्यान में लाना चाहता हूं कि संसदीय स्थायी समिति ने कुल 24 सिफारिशें की थीं, जिनमें से सरकार ने 17 सिफारिशें स्वीकार की हैं।...(**व्यवधान**)...

SHRI BHUPENDER YADAV: Thank you, Mr. Minister, for correcting me. I stand corrected. Mr. Vice-Chairman, Sir, my record may please be corrected. There were twenty-four recommendations made by the Standing Committee, out of which seventeen recommendations have been accepted by the Government.

MS. DOLA SEN (West Bengal) : Mr. Vice-Chairman, Sir, this Government has earned a track record of passing Bills in haste. In this Session too, most of the Bills are being passed without parliamentary scrutiny. The Opposition urges upon the Government to refer the Bills to Standing Committees. …*(Interruptions)*…

श्री संतोष कुमार गंगवार : महोदया, इस बिल पर तो लगभग एक साल तक Standing Committee में विचार होता रहा था।

MS. DOLA SEN: I am coming to that, Sir. …*(Interruptions)*… I am coming to that. But on the Code on Wages Bill, 2019, the Standing Committee gave its report and suggested certain recommendations, out of which, seventeen recommendations have been incorporated by the Government. This is comparatively a better example of how Bills should be passed after proper scrutiny, and not in a hurry, like other Bills. …*(Interruptions)*… However, there are still certain gaps in this Bill also. I am coming to that. The Government has to follow the proper system, and should not adopt a hasty approach in passing Bills. Parliament always scrutinizes about 60 to 70 per cent of the Bills. During the last Government, this number was down to 26 per cent. And, in this Session, only 10 per cent of the Bills have been scrutinized.

Sir, in this phase of long discussions at the Standing Committees' level, as I was in the Parliamentary Standing Committee on Labour, we heard and incorporated suggestions from the Central Trade Union representatives, that is, the employees' representatives; from Chambers, as employers' representatives; from civil society experts and academicians also. Some recommendations of the Standing Committee, included in the Bill, are, the Central or the State Government must revise minimum wages at an interval not exceeding five years. And, before fixing the floor wage, the Central Government may obtain the advice of the Central Advisory Board and must consult with State Governments. If an employer has made deductions, but has not deposited them in any trust or in the Government funds, like the Provident Fund, ESI, etc., the employee will not be held responsible.

Sir, there are certain gaps in the Code on Wages Bill, 2019. The Bill has two separate definitions for 'employees' and 'workers', which could cause confusion and lead to exploitation by unscrupulous employers. The Parliamentary Standing Committee had recommended that a single comprehensive definition should have been inserted for both, leaving no scope for confusion. The definition must be definite as to who are the traditional workers.

Then, it has been argued by the Standing Committee that the structure of remuneration, as reflected in the Bill, does not reflect the current salary structure used by most of the private sector firms. I am sorry, there are some mismatches in the Government sector also.

There is also discrimination on the basis of gender. The Equal Remuneration Act, 1976, prohibits gender discrimination not only in the matter of wages, but also in hiring. The Bill dilutes this provision. Now I come to payment of wages. This Bill stipulates that an establishment may be notified to pay all wages digitally, or, be transferred to an employee's bank account. But, today's reality is, cash payment is also essential in tea garden areas, jute mill areas, etc. In the political campaign, you may say, 'equal pay for equal work'. But, in reality, there is a difference. Moreover, till date, the Central minimum wage, according to the Government Gazette notification, is more or less ₹ 600. At State level, it is ₹ 300. But, as per your last Cabinet recommendation, which you also referred to, it is to be reduced to about ₹176. We have come to know this from media and also the circular, whichever it is. With due respects, do you think that working people are fool? I have some more suggestions. The formula for fixing the minimum wages is kept out of the Bill. The proposed Bill on Wages has denied the

[Ms. Dola Sen]

agreed formula of wage calculation as per the 15th Indian labour Conference, and add on 25 per cent as directed by the Supreme Court Judgement in M/s. Raptakos case, which was repeatedly and unanimously accepted by the 45th and 46th Indian Labour Conferences. This is one of the major drawbacks in this Bill. As per Clause 13 of the Bill, the appropriate Government may fix the number of hours for a normal working day. At present, the minimum working hours are eight. This Clause has to be revisited in view of the constitutional values of our country. Working hours should not be beyond eight hours a day. A phrase ' not exceeding eight hours per day' should be added in the relevant Section. It is very important. I urge upon you, through your good offices, to incorporate these and to look into these. Wage-related abuses are intimately linked to serious human rights abuses. The proposed Code on Wages Bill, 2019, shifts from criminal liability to civil liability, in matters pertaining to wages, payment of wages and payment of bonuses. We must remember that Right to Life is our mandatory right, according to our Constitution. Without wages, how will the Right to Life be restored? Bonus is an added wage or deferred wage. I think we are not considering the bonus component in true sense in this Bill. That should be clear according to the law of the land. There is one more important point in this respect. The PF and the ESI Board has, on an average,–you will be astonished to hear this –more than ₹ 70,000 or ₹ 80,000 crores corpus fund. The Centre is planning to invest this corpus fund in share market. But, the workers of the closed industries do not get PF and ESI benefits. I urge upon you to look into this also. Overall, there is a huge gap in the subjective wish written over here and the mere objective reality. What is going on all over is known to everybody, as I am involved with the trade union sector for the last 25 years. I hope for the best so that we sincerely recover the gap. For example, in the BSNL, over lakhs of contractual employees have not been getting their salaries for the last six to seven months. But their duties are going on. The contractor.s contracts are also through the BSNL management. But the Government is trying to bypass the matter stating that it is not their default. I am sorry, but you have also to look into this. I think that the main problem lies in implementation. What measures should be taken is absent in this Bill. I would like to know whether you have any concrete suggestions that will help us and whether there is any monitoring, especially, the inspector regime. There is the Minimum Wages Act since 1948. Now we are going to establish Code on Wages Bill, 2019. I would like to humbly know whether a Code can repeal a law of such a long period. According to the Minimum Wages Act, 1948, the Central Government has

published Gazette Notification for six to seven scheduled employments only for the last 70 years on an average, whereas, in our State of Bangla, our State Government, led by respected Mamata Banerjee, has already published Minimum Wage Gazette Notification in State level on 29th September, 2011 for 63 schedule employments with 2700 calories intake per day per worker according to World Health Organization, WHO, guidelines. Sir, in the earlier era, the West Bengal, led by CPI(M) —I am begging your pardon, Sir, —had, in this respect, a huge gap of 33 years from 1978 to 2011. The Central Government should follow Bangla model in this respect also.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Prof. Manoj Kumar Jha. You please start speaking. Let him speak. It will not go on record. Prof. Jha, please speak.

SHRI ELAMARAM KAREEM: *

प्रो. मनोज कुमार झा (बिहार) : मंत्री जी और हम सब को लेकर तकरीबन 40 लोग सदन में हैं और श्रम और पूंजी का यही फर्क है। अगर पूंजी की चर्चा होती, तो सदन खचा-खच भर होता, श्रम की बात हो रही है, तो 40 लोग हैं। सर, यह पूरे का पूरा जिंदा दस्तावेज़ है। मैं फैज़ की एक लाइन से शुरू करता हूं-

"हम मेहनतकश जग वालों से जब अपना हिस्सा मांगेंगे,
इक खेत नहीं, इक देश नहीं, हम पूरी दुनिया मांगेंगे।"

सर, अब इसमें सिर्फ ताली बजना रह गया है। अब इसका ज्यादा भाव नहीं है। अभी बीते दिनों, सत्यनारायण जटिया जी से बात हुई थी, दोला सेन जी भी हैं, हम तमाम दलों के अंदर ट्रेड यूनियन आंदोलन के खात्मे की अगर दास्तान देखनी हो, तो देखिए कि हम उचित मजदूरी से चलते-चलते न्यूनतम मजदूरी में आ गए हैं। माननीय मंत्री जी, यह मेरा पहला सबमिशन है। बुरा आपको भी लग रहा होगा, मैं जानता हूं कि आप पर भी बंदिशें हैं। माननीय मंत्री महोदय, हमारे देश में असंगठित मजदूरों की संख्या 40 करोड़ से ज्यादा है। इसलिए मैं यह कहना चाहता हूं कि देर से आया हुआ कदम, जिसका मैं थोड़ा स्वागत भी करता हूं, लेकिन मैं इसका पुरजोर स्वागत करता हूं, सर मैं एक छोटी बात कहना चाहता हूं, भाजपा के पास बहुत वक्त है, चूंकि मैं बिल को मजबूत बनाने के लिए सलाह दे रहा हूं, तो दो-चार मिनट उधर से भी दे दीजिएगा, अगर आपकी इच्छा हो तो। सर, इस कानून में विशेष ध्यान महिलाओं, अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए है। मैं एक-एक सेक्शन के आधार पर बताऊंगा। आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार, गत वर्षों में एक-तिहाई से ज्यादा लोगों को न्यूनतम मजदूरी नहीं मिली है। आपके एडवाइज़री बोर्ड में सब होते हैं, लेकिन श्रमिकों को प्रतिनिधित्व नहीं होता है। न्यूनतम वेतन का उल्लंघन करने वाले को आप हर्जाने की बात करते हैं। सर, सजा से क्यों मुकर जाते हैं? हमारे अंदर यह कौन-सा डर पूंजी ने पैदा कर दिया है कि हम हर्जाने की बात करते हैं और इसे आपराधिक मामला बनाने की बात नहीं करते हैं। सर, एक मजदूर को जब उसकी उचित मजदूरी नहीं मिलती है, आप उसे न्यूनतम कह लें, उसके घर में चूल्हा नहीं जलता है, उसके सपने तार-तार होते हैं, उसका वजूद बिखर जाता है। लेकिन इससे हमें क्या फर्क पड़ता है, इस देश को तो पूंजी चला रही है। कहा जाता है कि 10 या 10 से ज्यादा लोगों को काम पर रखें, तब मजदूरी कानून उस पर लागू होगा। हम सब जानते हैं कि इसको कैसे violate किया जाता है। छोटे-छोटे यूनिट बनाकर-6, 5, 4 या कॉन्ट्रेक्ट सिस्टम के आधार पर या 10 हजार या 20 हजार रुपया दे दिया और उसके बाद उसको घुमाते रहे, झारखंड से लेकर बिहार, बिहार से उत्तर प्रदेश। महोदय, बावजूद इसके 1976 से हमारे पास Bonded Labour System (Abolition) Act है, वह बंधुआ मजदूर बन जाता है, लेकिन बात पूंजी निवेश की होती है। न्यूनतम वेतन तय करने का अधिकार केन्द्र और राज्य दोनों को दिया गया है। मेरा मानना है कि पूंजी निवेश के कारण हर राज्य की अंदरूनी मंशा हो गई है कि पूंजी वहीं दबे पांव चलकर जाती है, जहां श्रम सस्ता मिल जाए, मुफ्त का मिल जाए, तो बढ़िया और सस्ता मिल जाए, तो यह तय कर लेंगे। इस कानून के अध्याय 7 के अनुच्छेद 5 में कहा जाता है- निरीक्षक और facilitator, आपने एक शब्द

*Not Recorded

उसमें जोड़ा है। जो यह facilitator साहब हैं, वे बिना अनुमति के जांच नहीं कर सकते हैं। वे बिना अनुमति के जांच नहीं करेंगे, अब यह तो कमाल की बात हो गई। मैं potential violator हूं, मुझे से पहले आकर मिल लेते हैं, तो क्या मैं कोई evidence रखूंगा? माननीय मंत्री महोदय, क्या मैं कोई साक्ष्य या सबूत रखूंगा? मैं जानता हूं कि आपकी मजबूरियां हैं, कोई ऐसे ही थोड़े बेवफा होता है। Labour Courts have been taken away. The definition of gender also needs clarification because it has to spell out, male, female and transgender. सर, आज-कल इस देश में चर्चा होती है, एक देश एक कानून, एक देश एक चुनाव, तो एक देश एक उचित मूल्य क्यों नहीं? हमें क्या चीज़ रोकती है? As per Clause 13 of the Bill, जहां आप कहते हैं eight working hours, please insert, ' not exceeding eight hours' . सर, ये बड़े खतरनाक लोग हैं, अगर आप खुलकर नहीं लिखोगे, तो यह बंद कर देंगे। Code on Wages Bill, 2019 does not include any measures to prohibit discrimination in employment, particularly, of SC, ST, OBC क्योंकि caste-based discrimination में exclusion भी होता है।...(**समय की घंटी**)... सर, यह मेरी आखिरी टिप्पणी है। मैं जानता हूं कि श्रम और पूंजी की लड़ाई में श्रम हार रहा है, लेकिन यह हमेशा नहीं हारेगा।

"असल में आंधी को यह गुमान कि बस एक शजर गिरा,
उसे क्या पता कितने परिंदों का घर गिरा।"

शुक्रिया सर।

SHRI M. SHANMUGAM (Tamil Nadu): Mr. Deputy Chairman, Sir, I thank you for giving me an opportunity to speak on this Bill. Sir, first of all, I oppose the Code on Wages Bill. Sir, the way in which this Bill is brought before this House, I do not approve of that. We are the owner of all the forty-four laws. As a trade union leader, I am proud to say that we enacted all those laws. I accept all the forty-four laws. While we implement the laws, there is a complication. Nowadays, the employers are more intelligent than the trade union leaders. They are exploiting the situation. They are quoting this law or that law. Due to this reason, all the trade unions have joined hands together to simplify and unify the laws.

In any other department, you can bring any law with the advice of the bureaucrats and the politicians. But, this is a labour department. There is a Standing Committee on Labour. That Standing Committee consists of Members from the trade unions, empolyers and government' s representative. Subsequently, there is an Indian Labour Conference. Whatever discussions had taken place in the Standing Labour Committee, that report would be placed before the Indian Labour Conference. Thereafter, after accepting the same, that will be made a law. I would like to know from the hon. Labour Minister whether he has called the twelve trade unions, including the BMS, for any

[Shri M. Shanmugam]

discussion. We requested the labour department that we will discuss the Bill verbatim, word by word, how to unify the laws, how to review the laws. We know that because we are the owner of the laws because we have enacted everything, and that is why, we are ready to give the advice. All of a sudden, the Code on Wages Bill, the Code on Industrial Relations Bill, the Code on Safety and Health Bill, the Code on Social Securities Bill, have been prepared by the department and brought before the Lok Sabha and Rajya Sabha, and these Bills had also been referred to the Select Committee. I had also received a message from the Parliamentary Standing Committee on Labour in 2017. We are the twelve trade unions recognised by the Government of India. We have two crore membership of labourers in all the trade unions. We are not honoured. After all, we want to help the government to simplify the laws. We are ready to give our advice to them. I am from Tamil Nadu. Labour is a concurrent subject. With the unity of all the trade union leaders, we pressurized the Government, and got enacted so many laws. We are the pioneer of the labour legislation in India. We enacted the Labour Welfare Act in 1981; we enacted the Manual Workers Act in 1981. The Manual Workers Act is the main Act by which we are forming all the unorganized Boards for the poor people. The Subsistence Allowance Act is also existing. Nowhere in India substiance as mentioned in this Act is available. We have inserted Sections 2A, 17B and 10B in the IDA Act of 1947. We have done it. It is a shameful that you have not consulted us before bringing in this legislation. Many friends have expressed what confusions in the Bill. I want to mention only one. The definition of ' workmen' is a unique definition. But, you have given two definitions- one for worker and one for employee. Why have you divided the labour? The division may be because of your policy. But, that should not be in the law. So, these are the few things. There are so many things on which consultations had to be taken with the trade unions. After that only it should have come before this House. I oppose the Bill, Sir. Thank you.

DR. NARENDRA JADHAV (Nominated) : Mr. Deputy Chairman, Sir, I rise to strongly support the Code on Wages Bill, 2019. At the very outset, let me recall a little bit of history. The labour welfare measures and the Framework for Tripartite Settlement was created in India, for the first time, by none other than the principal architect of Indian Constitution, Dr. B.R. Ambedkar, when he worked as Labour Member in the British Viceroy' s Executive Council during the period 1942 to 1946. After that, there have been a series of reforms, but these were piecemeal labour welfare reforms. It is, probably, for the first time, that this kind of comprehensive reform of labour welfare is being undertaken. That is why, I would like to heartily congratulate the hon. Minister for bringing this Bill.

This comprehensive Bill aims at consolidation as well as constructive reforms of legislations relating to wages. The Code on Wages seeks to replace the four major legislations and bring one common legislation for regulation of payment of wages and bonus. This amalgamation will make it more convenient for the stakeholders and make it more accessible to the public, furthering the object of welfare and benefit to workers.

Sir, this Code has several reforms which are highly commendable. This Code reflects financial inclusion of the marginalised sections of the society by shifting from cash payment to digital transactions into the bank accounts of the employees. In this Code, there is an express provision prohibiting gender discrimination in recruitment as well as payment of wages. Yet another welcome reform is that under the proposed Code, the minimum wages provision applies to all establishments of organised as well as unorganised sector.

One more commendable provision is that the consideration to determine minimum wage would now include in the proposed Code the level of skill of worker, geographical locations of the workplace and hazardous occupations.

The sixth welcome reform is that the proposed Code provides for composition of a committee to recommend on minimum wages and expressly states that it must consist of equal number of representing employers and representing employees along with a few independent persons. Additionally, the Central Government is not supposed to fix the floor wages; they are now supposed to fix floor wages taking into account the cost of living and under no circumstances the minimum wage determined is to be less than the floor wage fixed. The mode of payment of bonus—here again, this is a very welcome provision—under the proposed Code will be paid by crediting it in the bank account of the employee instead of paying it in cash. Inclusion of women in the Advisory Board is a very, very important provision. ...*(Time Bell rings)*... Also, inclusion of the State representatives in the Advisory Board is also welcome. Sir, one final point...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please sit down. We have very less time.

DR. NARENDRA JADHAV: Thank you, Sir.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Shri V. Vijayasai Reddy. Not present.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS; AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI V. MURALEEDHARAN): Sir, there is a general consensus about the disposal of the Bill. So, I would suggest that we conclude the discussion at least by 6 o' clock and dispose of the Bill. So, I will request the Chair to reduce the time of the rest of the speakers and their views may be put forth within the reduced time so that we are able to conclude the discussion.

श्री संजय सिंह : उपसभापति जी, ट्रिपल तलाक़ आएगा, तो भी टाइम कम, लेबर का इश्यू आएगा, तो भी टाइम कम।

श्री उपसभापति : श्री वीर सिंह, you have three minutes only.

श्री वीर सिंह (उत्तर प्रदेश) : माननीय उपसभापति महोदय, मैं "मजदूरी संहिता, 2019" पर बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। मैं अपनी नेता बहिन कुमारी मायावती जी का धन्यवाद व्यक्त करता हूं कि उन्होंने मुझे इतने महत्वपूर्ण बिल पर बोलने का अवसर दिया है।

महोदय, आज हमारे देश का ज्यादातर कारोबार मजदूरों पर निर्भर करता है। आज हमारे देश में लगभग 40 करोड़ असंगठित मजदूर हैं, जो मजदूरी करके अपना जीवनयापन करते हैं। उनके संरक्षण व हित के लिए कानून तो बहुत बने हैं, किंतु उनका अनुपालन नहीं होता है। आज मजदूरों को स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा और आवास प्रदान कराने की आवश्यकता है। आज हमारे देश में मजदूरों की ऐसी हालत है कि पूरी दुनिया में कहीं भी मजदूरों की मंडी नहीं लगती है, लेकिन यहां हर शहर में, हर कस्बे में सुबह-सुबह मजदूरों की मंडी लगती है। मजदूर घर से आकर बैठ जाते हैं कि कोई हमें काम पर ले जाए। जब कोई नहीं आता तो बेचारे अपने घर चले जाते हैं। आज हमारे देश में जो 40 करोड़ असंगठित मजदूर हैं, उनकी बहुत ही खराब दुर्दशा है। आज उनके लिए खाने की व्यवस्था भी नहीं है। मैं माननीय मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि आज जब आप यह बिल लेकर आए हैं, तो उन मजदूरों के हितों के बारे में भी सोचें, क्योंकि यदि आप देखेंगे, तो पाएंगे कि जो मजदूर वर्ग है, वह अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ी जाति से ज्यादा है। यदि आप उनके हितैषी हैं, तो सबसे पहले उन्हें सही प्रकार की शिक्षा प्रदान करें। जब हम मजदूरों के बच्चों को शिक्षा प्रदान करा देंगे, तो वे अपनी तरक्की का रास्ता स्वयं खोज लेंगे, किंतु सरकार की मंशा मजदूरों को सही शिक्षा प्रदान कराने की नहीं है। यदि इनकी सही शिक्षा प्रदान कराने की मंशा हो, तो पूरे देश में एक जैसी शिक्षा होनी चाहिए, लेकिन आप जान-बूझकर मजदूरों को, मजदूरों के बच्चों को शिक्षित नहीं कर रहे हैं। यदि वे शिक्षित हो जाएंगे, तो वे भी अच्छा कारोबार करेंगे। आज यदि आप उनको शिक्षित कर देंगे, तो उनका भविष्य उज्ज्वल हो जाएगा।

महोदय, आज भारत सरकार स्वच्छ भारत की बात करती है, लेकिन मैं आपको बताना चाहता हूं कि जो सफाई कर्मचारी हैं, उनकी न्यूज़ आती है कि वे बेचारे सफाई कर्मचारी गटर में सफाई करने के लिए गए और उनकी मृत्यु हो गई। उनके लिए कोई प्रोविज़न नहीं है। यदि आज आप सफाई के नाम पर नौकरियां निकालेंगे, तो उसमें भी पढ़े-लिखे लोग apply करते हैं। ...**(समय की घंटी)**... सर, मैं बस दो मिनट और लूंगा। हमारे वक्ता और थे, हमने उनका नाम कटवा दिया है।

श्री उपसभापति : आप जल्दी खत्म कीजिए, मैं दूसरे स्पीकर को बुलाऊंगा।

श्री वीर सिंह : सर, मैं जल्दी खत्म करूंगा।

श्री उपसभापति : आप एक मिनट में खत्म करें, otherwise मैं दूसरे स्पीकर को बुलाऊंगा।

श्री वीर सिंह : इसके साथ-साथ मैं मनरेगा के बारे में कहना चाहूंगा। मनरेगा में आज मजदूरों का इतना बुरा हाल है कि जब सरकार से मजदूरी जाती है, तो ग्राम प्रधान उनसे signature करा लेता है और उनको सिर्फ आधी मजदूरी देता है, आधी खुद रख लेता है। इस ओर सरकार का कोई ध्यान नहीं है। ईंट भट्ठे पर मजदूर जाते हैं। यदि भट्ठा मालिक को नुकसान हो जाता है, कोई हानि हो जाती है, उसका भट्ठा बैठ जाता है, तो वह मजदूरों की मजदूरी नहीं देता है। यदि crasher मालिक crasher में हानि हो जाती है, तो वह मजदूरों की मजदूरी नहीं देता है। इसलिए इस ओर भी ध्यान देना चाहिए और ऐसा कड़ा कानून बनाना चाहिए कि उन मजदूरों को मजदूरी मिले।...(**समय की घंटी**)...

श्री उपसभापति : वीर सिंह जी, आप समाप्त करें, चार मिनट हो गए हैं।

श्री वीर सिंह : धन्यवाद, सर।

श्री उपसभापति : माननीय संजय सिंह जी।

श्री संजय सिंह : सर, हम लोग 'Others' में बोल रहे हैं।

श्री उपसभापति : सर्वसम्मति से समय के बारे में हाउस में तय किया गया है। आप बोलें।

श्री संजय सिंह : सर, अगर 'Others' में समय कम रहता है, तो हम लोगों को कम समय मिलता है। अगर वक्ता कम हैं, तो आप इसमें समय जोड़ें। 'Others' में सिर्फ दो वक्ता हैं।

श्री उपसभापति : इस विषय पर हाउस ने जो आम सहमति से तय किया है, मैं उसके बारे में दोबारा नहीं कहना चाहता हूं। आप बोलें।

श्री संजय सिंह (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली) : मान्यवर, आपने इस बिल पर मुझे अपनी बात कहने का अवसर दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद।

मान्यवर, हम लोगों ने जब अपने राजनीतिक-सार्वजनिक जीवन की शुरुआत की, तो मैं फुटपाथ के लोगों के लिए काम करता था। इसके साथ-साथ मैं लंबे समय तक अपने इलाके में चौराहे पर जो मजदूर इकट्ठा होते थे, जिनको मजदूरी नहीं मिलती थी, उनकी लड़ाई लड़ता था। जो रेल कर्मचारी थे, उनके लिए हिन्द मजदूर किसान पंचायत में आदरणीय रघु ठाकुर जी के साथ रह कर जॉर्ज साहब के आर्गेनाइजेशन में मैंने लंबे समय तक काम किया। 16 वर्षों तक लगातार फुटपाथ के मजदूरों के लिए, फुटपाथ के लोगों के लिए, वहां काम करने वालों के लिए मैं काम करता रहा। वे चाहे भट्ठा मजदूर हों, वे चाहे घरों में काम करने वाले मजदूर हों, वे चाहे रेलवे में ad-hoc पर रखे गए मजदूर हों, वे चाहे बिजली विभाग में रखे गए ठेके के मजदूर हों, मैंने उनको देखा है। मैं आज इस सदन में आपके समक्ष और माननीय मंत्री जी के समक्ष एक व्यक्ति की दास्तान बताना चाहता हूं। वह सुल्तानपुर में बिजली कर्मचारी था। 1994 में हमारी उससे मुलाकात हुई। बिजली मजदूरों का एक संगठन था। उसका नाम था शिव प्रसाद यादव। उस वक्त मैंने उससे पूछा कि तुम्हारी उम्र 33 साल हो गई है, तुमने अभी तक शादी क्यों नहीं की है, तो उसने

[श्री संजय सिंह]

कहा कि जब हम permanent हो जाएंगे, तो शादी करेंगे। वह लेबर कोर्ट से मुकदमा जीता, हाई कोई से मुकदमा जीता, तमाम फैसले उसके पक्ष में आए, लेकिन आज 25 साल हो गए और वह बगैर शादी किए हुए जी रहा है। मुझे लगता है कि उसकी पूरी जिंदगी ऐसे ही बीत जाएगी। उसकी उम्र 58 साल हो गई है। यह एक गरीब आदमी की पीड़ा है कि आज लोग अपना परिवार नहीं चला सकते, इसलिए शादी करने से भी डर रहे हैं, क्योंकि उनको मजदूरी नहीं मिलती।

मान्यवर, अगर हम मजदूरी की बात करें, अगर आप इस बिल में देखेंगे, तो हमने माननीय मंत्री जी का एक बयान देखा। उन्होंने कहा कि हम unskilled labour के लिए 178 रुपए मजदूरी तय करेंगे। 178 रुपए प्रतिदिन में किसी परिवार का, किसी मजदूर का गुजारा कैसे हो सकता है? मंत्री जी, मैं आपसे विनम्रतापूर्वक अनुरोध करूंगा कि आप दिल्ली सरकार के अरविन्द केजरीवाल जी के फैसले को देखिए। हमने unskilled worker के लिए 13,600 रुपए की न्यूनतम मजदूरी तय की, हमने semi-skilled worker के लिए 14,700 रुपए की मजदूरी तय की। और skilled workers के लिए दिल्ली में हमने 16,700 रुपए की मजदूरी तय की। मान्यवर, आप पूरे देश के अन्दर एक समान न्यूनतम मजदूरी तय करने की व्यवस्था कीजिए।

महोदय, आपने लेबर इंस्पेक्टर को लेबर मित्र बना दिया, आप उसको facilitator कह रहे हैं, इससे अच्छा होगा कि आप उसको लेबर मित्र की कह दीजिए, वह सुनने में अभी अच्छा लगेगा। पहले लेबर कानूनों का उल्लंघन करने वालों के मन में लेबर इंस्पेक्टर का एक भय था, लेकिन इस बिल के बाद शायद वह डर उनके मन से निकल जाएगा।...(**समय की घंटी**)...मान्यवर, आज जब हमारे पास टाइम है...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति : नहीं, माननीय संजय जी, हमारे पास समय कम है। हाउस की सर्वसम्मति से हमें इस बिल को 6 बजे तक खत्म करना है।

श्री संजय सिंह : किसी ने यह बात नहीं कही है।

श्री उपसभापति : कहा है, सभी लोगों को यह कहा गया है और उसी ratio में समय कम किया गया है।

श्री संजय सिंह : सर, आप न्याय की पीठ पर हैं। जब हम लोगों का समय ज्यादा होता है, उस समय भी हमारा समय कम कर दिया जाता है।

श्री उपसभापति : उस वक्त भी आपको पूरा समय मिलता है, लेकिन अभी ऑलरेडी आप चार मिनट बोल चुके हैं, उस अनुपात में समय कम कर दिया गया है। ठीक है, आप जल्दी अपनी बात को खत्म करें।

श्री संजय सिंह : मैं अपनी बात खत्म की कर रहा हूं। लेबर इंस्पेक्टर का जो डर था, वह डर अब पूरे तरीके से लोगों के दिमाग से निकल जाएगा। वह पहले लेबर कानूनों का उल्लंघन

करने वाले employer को सूचित करेगा, तब उसकी जांच करने जाएगा और जब वह जांच करने जाएगा, चूंकि वे इतने बड़े खिलाड़ी होते हैं, तो पहले से ही वे सब ठीक कर लेंगे। इस तरह से जांच के नाम पर एक formality पूरी करने का काम आप कर रहे हैं। जो व्यक्ति लेबर कानून का उल्लंघन करता था, पहले criminal offence मानकर उसको जेल भेजने का प्रावधान था, लेकिन अब आपने उसकी सज़ा को 10,000 रुपये से लेकर 50,000 या 1,00,000 रुपये के फाइल में तब्दील कर दिया। इस तरह तो वे रोज़ नियमों का उल्लंघन करेंगे। उनको 10,000, 3,000 या 5,000 का फाइन देने में कोई प्रॉब्लम नहीं है।

तीसरी बात, मान्यवर, अगर हम भट्ठा मज़दूरों की बात करें, तो छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड आदि राज्यों में तमाम मज़दूरों को advance देकर लाया जाता है और यहां लाकर उनके साथ बंधुआ मज़दूरी का, प्रताड़ना का जो खेल खेला जाता है, उसको रोकने के लिए इस बिल में आपके पास कोई प्रावधान नहीं है। बल्कि आप इसमें यह कह रहे हैं कि मालिक जो एडवांस पैसा देगा, उसकी वसूली करने का वे काम करेंगे।

श्री उपसभापति : संजय जी, प्लीज, कन्क्लूड कीजिए।

श्री संजय सिंह : मान्यवर, अंत में मैं सिर्फ इतना कहना चाहता हूं, जब हम लोगों ने अपने राजनीतिक और सामाजिक जीवन की शुरुआत की थी, तो हम नारा लगाते थे- 'जब तक भूखा इंसान रहेगा, धरती पर तूफान रहेगा।' हम नारा लगाते थे - 'धन और धरती बंट के रहेगी, भूखी जनता चुप न रहेगी,' 'कमाने वाला खाएगा और लूटने वाला जाएगा।'

मान्वयर, मैं आपके माध्यम से इस बि के लिए माननीय मंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि कृपया इसमें जो जरूरी संशोधन हैं, जो जरूरी बदलाव करने की आवश्यकता है, वे किए जाएं, ताकि पूरे देश में मज़दूरों को उचित न्यूनतम मज़दूरी मिल सके और वे अपना जीवन अच्छी तरह चला सकें, उनके लिए आप ऐसी व्यवस्था कीजिए, बहुत-बहुत धन्यवाद।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, Mr. P. Bhattacharya. You have five minutes.

SHRI P. BHATTACHARYA (West Bengal): Sir, I had ten minutes time. But, now, it has been curtailed to five minutes. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I have not curtailed any time. ...*(Interruptions)*...

SHRI P. BHATTACHARYA: Anyway, Sir, मेरे देश में लेबर लोग सबसे neglected हैं। जब मेरे देश में लेबर लोग neglected हैं, तो सदन में discussion भी तो neglected होगा ही। इसमें क्या ताज्जुब है? यह तो होगा ही। हमारे लेबर मिनिस्टर बहुत अच्छे आदमी हैं। वे हमेशा चुपचाप रहते हैं, बहुत शांत आदमी हैं। उनमें oppose करने के लिए दम ही नहीं है। He heard all this, but he did not intervene and said that he would like to continue the discussion. I do not know how I will be able to articulate all the points within five minutes.

[Shri P. Bhattacharya]

It is an ocean. My Labour Minister will agree with me that it is an ocean. There are forty-four types of employments under the organized sector and sixty-one types under the unorganized sector. You take it from me, the position related to wages shall be applicable to all employments and would cover both, the organized as well as unorganized sector. There are sixty-one types of employment that come under unorganized sector. इनमें agriculture labours भी हैं, बीड़ी मज़दूर भी हैं, construction workers भी हैं, बाकी सब लोग भी हैं। I do not know how the Labour Minister will be able to fix the minimum wages for these sixty-one types of people. He has said that he will form an advisory committee. It is all right. I will not be surprised if the hon. Labour Minister may kindly feel one thing. Who has advised you to amalgamate 31 labour laws into four codes. I heard from the Finance Minister's Address that we are going to form four codes. The hon. Labour Minister will be knowing the facts that the International Labour Organisation (ILO), Geneva, held a meeting and in that ILO meeting, they constituted a small committee to look into these four Codes. How much will it be applicable and workable for the working class population in the world? As far as I know, they are not satisfied with these four Codes. Why? There is the Provident Fund Act, there is the ESI Act, likewise, so many Acts are there. How can you amalgamate all these things? You are seeing only the Payment of Wages Act. A minimum wage is not the only problem of the labour. But we are confining ourselves to only minimum wages of the labour. It is not the minimum wages only but also the social security of workers, which is the most important thing nowadays. Here, we are saying, Payment of Wages Act, Minimum Wages Act, Payment of Bonus Act and Equal Remuneration Act. All right! You are saying these things. Sir, you will be surprised to know what they are saying. They are saying here .wages.. What is the definition of ' wages'? Bonus is a deferred wage, as per the court orders. What you have mentioned here is this. "Wages means all remuneration whether by way of salary, allowances or otherwise, expressed in terms of money or capable of being so expressed which would, if the terms of employment, express or implied, were fulfilled, be payable to a person employed in respect of his employment or the work done in such employment, and includes,—(i) basic pay; (ii) dearness allowance; and (iii) retaining allowance, etc." Only the bonus! This is not the bonus. Bonus includes so many other things. But, here, you have said, "any bonus payable under any law for the time being in force, which does not form part of the remuneration payable under the terms of employment;"

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please conclude.

SHRI P. BHATTACHARYA: How can it be possible to give bonus? My next point is about the punishment. Those who are not paying proper wages to the working class people, how would you like to punish them? Now, we have so many arrangements. I would like to know from the hon. Minister whether all the existing laws - to go to the court, to file an FIR, to go to High Court-will exist or they will be abolished. It should be clearly mentioned. This is not mentioned in this Code. So, I would request you to look into this matter. Lastly, I would say, अगर दुनिया के मजदूर एक हो जाएं, तो हम लोग जिस तरीके से भी उनका दमन करना चाहें, वह नहीं होगा। "जो मजदूरों को ठुकराएगा, वह चूर-चूर हो जायेगा।" यह वाक्य बोल कर मैं अपनी बात खत्म करता हूं। जय हिन्द।

डा. सत्यनारायण जटिया (मध्य प्रदेश) : माननीय उपसभापति जी, समय देने के लिए धन्यवाद। एक बहुत क्रांतिकारी फैसला माननीय नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने लिया, जिसे कार्यरूप देने के लिए, माननीय श्रम मंत्री जी मजदूरी संहिता, 2019 सदन में लाए हैं। उनका कार्य अद्‌भुत है, ऐतिहासिक है- 'न भूतो, न भविष्यति'। हिन्दुस्तान के 50 करोड़ लोगों को वेतन के दायरे में लाने का काम यह सरकार करने जा रही है। पहले 7 से 10 प्रतिशत, जो स्किल्ड वर्कर होते थे, उनके वेतन के बारे में ही चिन्ता होती थी। उस समय कहा जाता था कि- 'दुनिया के मजदूरों एक हो जाओ' - लेकिन जिस तरह काम हो रहा था, मजदूरों के एक होने का नारा लगाना तो आसान है, किन्तु मजदूरों को एक करने का काम यदि किसी ने किया है तो माननीय नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने किया है, जिसके लिए मैं उसे बहुत-बहुत बधाई देता हूं।

हम जानते हैं कि आज एक अच्छी शुरुआत होने जा रही है। मिनिमम वेज का concept 1940 में आया था। उस समय जो मिनिमम वेजेज़ की बात आई थी उसमें फेयर वेजेज़ और मिनिमम वेजेज़ शामिल थीं। जिन वेजेज़ को हम internationally मान्य करते हैं, जो decent wages का concept है, International Labour Conference में मैंने Skilled globalization का concept दिया था। तीन वर्षों तक मैं उस पर बोलता रहा। निश्चित रूप से वह concept हमारा है। हमारे देश में मजदूरों की तीन प्रकार की श्रेणियां हैं- कुशल, अर्ध-कुशल और अकुशल। इन तीनों श्रेणियों के, कौशलीकरण के काम के आधार पर, वेजेज़ बढ़ने वाले हैं। वेजेज़ इतने बढ़ने वाले हैं कि निश्चित रूप से हर मजदूर अपने जीवन का गुजारा अब सम्मानपूर्वक कर पाएगा। डा. अम्बेडकर, जो भारत के संविधान निर्माता माने जाते हैं, उससे पहले वे Council of Ministers में श्रम मंत्री भी रहे थे। 1942 से 1946 तक उन्होंने मजदूरों के हित में नए कानून इजाद करने का काम किया था। मैं भारतीय मजदूर संघ का कार्यकर्ता हूं और 1964 से लगातार मजदूरों के हित में काम करता आया हूं। Trade Unions activities मैंने देखी हैं। मुझे Textiles, Heavy Electricals, Pharmaceuticals, Railways आदि Unions में काम करने का अनुभव है। इस आधार पर, मैं एक बात कह सकता हूं कि जब देश के लेबर मिनिस्टर, रविन्द्र वर्मा जी रहे थे- 1977-1980 के बीच उन्हें अध्यक्ष बनाकर हमने Second Labour Commission बनाया था। उस कमीशन ने

[डा. सत्यनारायण जटिया]

जो सिफारिशें दी थीं, उन्हें लागू करने के लिए, 2004 से प्रतीक्षा करते करते, आज 2019 में वह काम हो रहा है। बीच के काल में उन सिफारिशों को क्रियान्वित करने के लिए किसी के पास फुरसत नहीं थी। इस दृष्टि से भी हमारे concept को पूरा करने के उपाय किए गए हैं। हमारी प्रारम्भ से मान्यता है कि देश में श्रमिकों का हित होना चाहिए। श्रमिक हमारे लिए औद्योगिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं और सर्वोपरि भी। हमने राष्ट्र का औद्योगीकरण, उद्योगों का श्रमिकीकरण और श्रमिकों में राष्ट्रभाव का जागरण हो- यह नारा दिया था। इस नारे के आधार पर हम कहते थे- 'देश के हित में करेंगे काम, काम के लेंगे पूरे दाम'- इस slogan को पूरा करने का काम मोदी जी की सरकार ने किया है, जिसके लिए वह बधाई की पात्र है। हम अन्याय के खिलाफ संघर्ष करते आए हैं।

'जुल्म जब-जब भी बढ़ते हैं, सब्र के दरिया में तूफां आता है,
लहरें मचल उठती हैं, किनारे टूट जाते हैं।'

अन्याय के खिलाफ लड़ने का हौसला बुलन्द करने के लिए हम अनेक बार जेल जाने, कर्फ्यू तोड़ने और लाठी-चार्ज का सामना करते हुए, इस युग में आए हैं। मुझे लगता है कि हमारी सारी जिन्दगी के संघर्ष का जो निष्कर्ष है, उसे आज यहां श्रम मंत्री जी के माध्यम से, माननीय मोदी जी की सरकार ने उपस्थित किया है। निश्चित रूप से यह सराहनीय कदम है, ऐतिहासिक कदम है और इस कदम का मैं हृदय से अभिनंदन करता हूं।

'उठो कि अब नई आंधियां चलाओ,
अरमानों के मचलते तूफां उठाओ,
क्रांति की चिंगारी अब शोले बनेंगे,
जो रोकेंगे रास्ता मजदूरों का वे नहीं रहेंगे, नहीं बचेंगे।'

इस सरकार ने मजदूरों के हित में एक शानदार कानून लाने का काम किया है, धन्यवाद।

SHRI S. MUTHUKARUPPAN (Tamil Nadu): Thank you, hon. Deputy Chairman, Sir, for giving me this opportunity to speak on the Code on Wages Bill, 2019.

Sir, as far as this Bill is concerned, the Second National Commission on Labour, which submitted its Report in June, 2002, had recommended that the existing set of labour laws should be broadly amalgamated into the following groups, namely, industrial relations, wages, social security, safety and welfare and working conditions. Further, in pursuance of recommendations of the said Commission, at the deliberations made in the Tripartite Meeting comprising Government employees and Industry representatives, it has been decided to bring the proposed legislation. The proposed legislation intends to amalgamate, simplify and rationalize the relevant provisions of the following four

Central Labour enactments relating to wages, namely, the Payment of Wages Act, 1936, the Minimum Wages Act, 1948, the Payment of Bonus Act, 1965 and the Equal Remuneration Act, 1978. The amalgamation of the said laws would facilitate the implementation and also remove the multiplicity of definitions and authorities without compromising on the basic concepts of welfare and benefits to workers. The proposed legislation would bring the use of technology and its enforcement. All these measures would bring transparency and accountability, which would lead to a more effective enforcement. Widening the scope of minimum wages to all workers would be a big step for equity. The facilitation for ease of compliance of labour laws would promote setting up more enterprises thus catalyzing the creation of employment opportunities. Further, this Code would apply to establishments where any industry, trade, business, manufacturing or occupation is carried out. This would also include Government establishments. The Central Government would make wage-related decisions for its authorities and establishments related to railways, mines, oil fields, among others. State Governments would make decisions for any other establishments. Wages include salary, allowance or any other component expressed in monetary terms. This would not include bonus provided to employees, or any travelling allowances among others. This Code talks about national minimum wage, fixing minimum wages, working hours and deduction. Under the Code, while employees' wages may be deducted on certain grounds including fines, absence from duty, accommodation given by the employer or recovery of advances given to the employees, this deduction shall not exceed 50 per cent of the employees' total wages.

Sir, in Tamil Nadu, the minimum wage is revised normally once in every four years. While fixing the minimum wages, variable Dearness Allowance is added to neutralize the cost of living. During 2017-18, minimum rates of wages have been revised in respect of 14 employments such as local authority, plantation, beedi rolling, bricks and tiles manufacturing, general engineering, etc. Apart from fixing the minimum wages for workers, the prime duty of the law enforcing people should be to ensure timely disbursement of wages to the employees and to prohibit unauthorized deductions from wages, payment of bonus and equal rates of wages to men and women workers. The unorganized sector is characterized by...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please conclude.

SHRI S. MUTHUKARUPPAN: As far as the State of Tamil Nadu is concerned, Tamil Nadu has constituted 17 unorganized workers welfare boards. This is an important point. I would conclude with this, Sir, as the time is limited.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Time is over.

SHRI S. MUTHUKARUPPAN: Sir, my time is five minutes.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Your time and your party' s time is over. Please conclude.

SHRI S. MUTHUKARUPPAN: Sir, my time is five minutes and my senior colleague' s five minutes. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please conclude.

SHRI S. MUTHUKARUPPAN: The Government of Tamil Nadu has constituted 17 Unorganised Workers Welfare Boards like Tamil Nadu Construction Workers Welfare Board, Tamil Nadu Manual Workers Social Security and Welfare Board, Tamil Nadu Unorganised Drivers Welfare Board, Tamil Nadu Tailoring Workers Welfare Board, Tamil Nadu Hair Dressers Welfare Board, Tamil Nadu Washermen Welfare Board, Tamil Nadu Palm Tree Workers Welfare Board, Tamil Nadu Handicraft Workers Welfare Board, Tamil Nadu Handlooms and Handlooms Silk Weaving Workers Welfare Board, Tamil Nadu Footwear and Leather Goods Manufacturing and Tannery Workers Welfare Board, Tamil Nadu Artists Welfare Board, Tamil Nadu Goldsmiths Welfare Board, etc. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please conclude. ...*(Interruptions)*...

SHRI S. MUTHUKARUPPAN: I urge the Central Government to provide all possible support to these Boards. ...*(Interruptions)*... I support this Bill.

श्रीमती छाया वर्मा (छत्तीसगढ़) : सर, आपने इस महत्वपूर्ण बिल पर मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद। माननीय मंत्री जी बहुत बुद्धिमान मंत्री हैं, लेकिन मैं उनसे कुछ कहना चाहूंगी। मंत्री ने कहा कि हमने 11 ट्रेड यूनियंस से बात की और यादव जी ने भी कहा कि हमने 11 ट्रेड यूनियंस से बात की, लेकिन कितनी ट्रेड यूनियंस ने आपकी बात मानी, इसको आपने नहीं बताया। मैं बताना चाहूंगी कि ऐसी 10 ट्रेड यूनियंस हैं, जिन्होंने इस बिल को नकार दिया है। इसलिए मैं चाहूंगी कि यह बिल सेलेक्ट कमिटी में जाए।

आपने इसमें बताया है कि मजदूर न्यायपालिका में नहीं जा पाएंगे, बल्कि आपके एक Gazetted Officer रहेंगे, वे न्याय करेंगे। यह मजदूरों के साथ अन्याय हो रहा है। वे न्यायालय नहीं जाएंगे, Gazetted Officer के पास जाएंगे, जो कि आपके द्वारा नियुक्त होंगे, तो मुझे लगता है कि यह सही नहीं हो रहा है। माननीय महोदय, अभी आपने बताया है कि मजदूरों को अब डिजिटल पेमेंट की जाएगी। मैं जानना चाहती हूं कि कितने मजदूरों को डिजिटल पेमेंट हो पाएगी? आज की

6.00 P.M.

तारीख में यह संभव नहीं है कि हर मजदूर को आप डिजिटल पेमेंट कर पाएं। मैं बताना चाहूंगी कि जब हम श्रम कानूनों की बात करते हैं, तो बहुत अच्छा लगता है, लेकिन जब उनके शोषण की बात आती है तो बड़ा दु:ख होता है। आज आप गांव-गांव में देखिए, वहां हर आंगनवाड़ी और ग्राम पंचायत में मध्याह्न भोजन की योजना चल रही है। वहां के रसोइयों को बहुत ही कम मानदेय मिलता है। अगर बाहर के रसोइयों के वेतन से उनके वेतन की तुलना की जाए, तो उसमें जमीन-आसमान का अंतर रहता है। चाहे वह आंगनवाड़ी वर्कर हो, "आशा" वर्कर हो या संविदा का शिक्षक हो, उन सब का वेतनमान बहुत कम रहता है। यह तो बाहर की बात है, आप इस संसद में ही देख लीजिए। हमारी जो बहनें यहां पर टाइपिंग करती हैं, जो संविदा पर काम कर रही हैं, उनका वेतन और जो कुशल श्रमिक हैं, शासकीय कर्मचारी हैं, जो चौथी श्रेणी वर्कर्स हैं, उनके वेतन में जमीन-आसमान का अंतर है। मैं माननीय मंत्री जी से यह जानना चाहूंगी कि क्या आप वे संविदा कर्मचारी, जो संसद परिसर में काम कर रहे हैं, उनके चतुर्थ श्रेणी का वेतनमान देंगे?

माननीय मंत्री जी, जब कोई मजदूर काम करते-करते घायल हो जाता है, तो उसके इलाज के लिए जो हॉस्पिटल्स चिन्हित है, उनमें वह अपना इलाज कराने जाता है, लेकिन वहां पर लाखों-करोड़ों रुपयों का बकाया रहता है, उन्हें शासन से पैसा नहीं मिलता, इसलिए आज वे हॉस्पिटल्स बन्द होने के कगार पर हैं। मैं माननीय मंत्री जी को बताना चाहूंगी कि जो संगठित जगहें हैं, जहां पर मजदूर संगठित रहते हैं, जैसे NTPC, Lara जैसी जो बड़ी-बड़ी फैक्टरियां हैं, वहां श्रम कानूनों के नियमों का पालन नहीं हो रहा है। जब वहां उनको ठीक से सोशल सिक्योरिटी नहीं मिलती, तो आप बाहर उनको किस ढंग से मानदेय देंगे? जब आप जवाब दें, तब आप इस बारे में हमें बताएं।

इस बिल में न्यूनतम वेतन की बात आई है। इसमें न्यूनतम वेतन की बात बहुत जगह आई है, लेकिन अधिकतम वेतन की बात कहीं पर नहीं आई है। मान लीजिए, एक टूथपेस्ट की कीमत सरकार 10 रुपये रखती है। अगर मेरी छत्तीसगढ़ की सरकार उसे 12 रुपये में बेचना चाहे, तो वह नहीं बेच सकती है, क्योंकि आपने उसकी कीमत 10 रुपये ही रखी है, उस कीमत के अंदर ही उसे बेचना पड़ेगा। मेरी मांग है कि इसको आप पूरी तरह से ओपन कर दीजिए, ताकि राज्य-शासन जो चाहे, उस रेट पर उसे दे सके।

"श्रम की शक्ति-श्रम का मान, मांग रहा मजदूर-किसान।"

माननीय मंत्री जी, मैं कुछ बातें इस सदन में कहना चाहूंगी, भले आप लोगों को मज़ाक लगे। हम देख रहे हैं कि राज्य सभा के सांसद भी आज बंधुआ मजदूर बन गए हैं।

हमको यहां पर इसलिए बिठाया गया है कि आपको इतने बिल पास करने हैं, आप इतने बिल पास करके ही जाएंगे। महोदय, हमारे अधिकारों का भी हनन हो रहा है, न ज़ीरो ऑवर हो रहा है और न ही स्पेशल मेंशन हो रहा है।

श्री उपसभापति : छाया जी, एक मिनट...

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PALIAMENTARY AFFAIRS (SHRI V. MURALEEDHARAN) : Sir, we are discussing a very significant ...*(Interruptions)*...

श्री प्रभात झा : हम यहां वेतन के लिए नहीं, बल्कि वतन के लिए बैठते हैं।

श्री उपसभापति : माननीय प्रभात जी, आप बैठिए।

श्रीमती छाया वर्मा : महोदय, हमारे अधिकारों का हनन हो रहा है।

श्री उपसभापति : छाया जी, एक मिनट...

SHRI V. MURALEEDHARAN: Sir, we are discussing a very significant legislation on Labour Reforms. So, I propose that we will sit till the disposal of this legislation.

श्री उपसभापति : सहमति है, ठीक है।

श्रीमती छाया वर्मा : महोदय, ठीक है, लेकिन मैं अपनी भावना को व्यक्त करना चाहूंगी।...**(व्यवधान)**... हमारे अधिकारों का भी हनन हो रहा है, न हम ज़ीरो ऑवर उठा पा रहे हैं, न Question Hour हो रहा है, आज स्पेशल मेंशन होना था, वह भी नहीं हो रहा है। हमारे काम के घण्टे बढ़ गए हैं, आज सदन को 5 बजे खत्म हो जाना था, लेकिन हमें 7 बजे तक बैठना है। मैं माननीय मंत्री जी से कहना चाहूंगी कि क्या हम लोगों के MPLAD को 5 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 15 करोड़ रुपये करेंगे? पिछले दिनों हमारे T.A., D.A. में कटौती हुई, क्या आप उसको बढ़ाएंगे? मैं यह मंत्री जी से जानना चाहूंगी, धन्यवाद।...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति : श्री आर. के. सिन्हा, आपके पास चार मिनट का समय है।

श्री आर. के. सिन्हा (बिहार) : महोदय, मुझे बताया गया था कि 10 मिनट का समय है, लेकिन आप 4 मिनट कह रहे हैं।

श्री उपसभापति : आपकी पार्टी ने तय किया है। हाउस की सर्वसम्मति से तय किया है।

श्री आर.के. सिन्हा : महोदय, माननीय संतोष गंगवार जी ने जो एक बहुत ही क्रान्तिकारी अधिनियम पेश किया है, मैं उसका तहे दिल से समर्थन करता हूं, क्योंकि इससे 50 करोड़ मज़दूरों के जीवन-स्तर में सुधार होने की संभावना है और हम न्यूनतम वेतन का एक तल पर, एक मानक तय करेंगे, जिससे कम कोई भी राज्य सरकार नहीं कर सकेगी, यह बहुत बड़ी बात है। मैं बहुत तैयारी से आया था, लेकिन ज्यादा कुछ नहीं बोल पाऊंगा, क्योंकि समय कम है। मैं यह कहना चाहूंगा कि लगभग 40 प्रतिशत मज़दूरों को पहले जो लाभ मिल रहा था, अब शत-प्रतिशत हो गया है। यह बहुत बड़ी चीज़ है कि इससे 100 परसेंट कवरेज हुई है। मैं, अभी हमारी माननीय सांसद दोला सेन जी का भाषण सुन रहा था, उन्होंने कहा कि इस पर विचार नहीं हुआ, इस

पर जो विवेचना होनी चाहिए थी, वह नहीं हुई। यह विधेयक वर्ष 2017 से ऊपर-नीचे कर रहा है, Select Committee में गया, यूनियनों से बात करना तो छोड़ दीजिए, एक महीने तक आपकी वेबसाइट पर पब्लिक के comments के लिए रहा। उसको भी लिया गया है। पूरे देश की जनता को और मज़दूरों को इसमें आमंत्रित किया गया है, ताकि उनकी भावनाओं को इसमें शामिल किया जाए। इसलिए यह कहना गलत है कि इसका नहीं किया गया है। अभी माननीय सदस्या कहकशां परवीन जी बहुत बढ़िया बात कह रही थीं, इस पर ध्यान देने की ज़रूरत है कि जो migrant labour है, वह कई बार सामाजिक कारणों से बाहर जाता है और वह अपने गांव में मज़दूरी करने में सक्षम नहीं होता है इसलिए बाहर जाता है। उसके अधिकारों की सुरक्षा भी होनी चाहिए और उसको भी समाजिक सुरक्षा के सारे अधिकार मिलने चाहिए।

माननीय उपसभापति जी, इस अधिनियम से, जो चारों विधेयक थे, अलग-अलग कानून थे, उनको एक करके सरलीकरण किया गया है। जिससे कि मज़दूरों के हित में और नियोक्ताओं के हित में यह कारगर कदम है और इसका लाभ उनको मिलेगा। अभी यह कह दिया गया है कि वेतन कम दिया जाता है। अभी निषाद जी दिख नहीं रहे हैं, वे कह रहे थे। माननीय मंत्री जी, मैं आपका ध्यान चाहूंगा।...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति : श्री आर.के. सिन्हा जी, आप बोलिए।

श्री आर.के. सिन्हा : माननीय श्रम मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं कि माननीय निषाद जी कह रहे थे कि बहुत exploitation हो रहा है, बहुत शोषण हो रहा है और उनको मिनिमम वेजेज़ नहीं दी जा रही हैं। अनेक जगहों पर... मैं इससे पूरी तरह से सहमत हूं। यह क्यों हो रहा है? यह मैं आपको बताना चाहता हूं और इस पर मैंने बहुत शोध भी किया है। यह इसलिए हो रहा है, क्योंकि सरकार की जो एक नीति है कि आप न्यूनतम टेंडर पर काम देंगे, आप L1 पर काम देंगे।...**(समय की घंटी)**...तो उसमें consolidated wages पर आप काम देते हैं और उससे मज़दूरों को नुकसान होता है, इसलिए इस बात को जरूर देखना चाहिए कि उसका ब्रेकअप हो, उसमें मिनिमम वेजेज़, ई.एस.आई., पी.एफ., ग्रेच्युटी, बोनस के बाद में, जो उसका प्रॉफिट मार्जिन हो, वही हो। L1 का सिस्टम खत्म करिए, तो आप देखिएगा कि मज़दूरों का शोषण बंद हो जाएगा। मैं एक बात और बताना चाहता हूं कि अभी जो मानक बताया गया है, यह मानक भी कम है।

सर, पांच से छः व्यक्तियों का परिवार होता है। उस परिवार में पति, पत्नी, कम से कम दो बच्चे और माता-पिता होते हैं। वह छः लोगों का पालन-पोषण कैसे करेगा? ये मिनिमम वेजेज़ जो हैं, अगर आप देखेंगे तो 29 राज्यों के मिनिमम वेजेज़ अलग-अलग हैं।...**(समय की घंटी)**...आप देखिए राजस्थान में मिनिमम वेजेज़ 5,500 है, तो महाराष्ट्र में 17,500 है, तो दिल्ली में 12,000 है।...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति : श्री आर.के. सिन्हा जी, आप खत्म करिए। आप अपने समय से अधिक बोल चुके हैं।

श्री आर.के. सिन्हा : सर, इसलिए मैं यह कहना चाहता हूं कि इस पर ध्यान दिया जाए कि इसका अनुपालन कैसे हो? सरकारी संस्थानों और पब्लिक सेक्टर में मज़दूरों का जो शोषण होता है, वह बंद किया जाए और उस पर कार्रवाई की जानी चाहिए। मैं पत्र लिखता रहता हूं, तो इस चीज़ को देखना चाहिए। तभी आप उसको इस हिसाब से सही ढंग से कर पाएंगे। मैं आपको पुन: बधाई देता हूं और बिल का समर्थन करता हूं।

श्री उपसभापति : धन्यवाद। श्री रामदास अठावले जी, आपके पास एक मिनट का समय है।

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री रामदास अठावले) : उपसभापति महोदय,

"आज की नीली-नीली शाम,
